दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 254
कोटद्वार बुधवार
18 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2018-20 फोन 01382-222382, मो0 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सड़क दुर्घटना में गुलदार के शावक की मौत

**हरिद्वार।** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर श्यामपुर में पिनाका होटल के पास हाईवे क्रस करते हुए गुलदार के शावक की अज्ञात वाहन से टक्कर के कारण मौत हो गई। नर शावक की उम्र करीब एक साल बताई जा रही है। देर रात वन क्षेत्राधिकारी श्यामपुर टीम के साथ गश्त कर श्यामपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे हाईवे में पिनाका होटल के पास पहुंचे तभी सड़क किनारे कोई जानवर पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो वह गुलदार का शावक था। जिसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुलदार की मौके पर ही मौत हो गई थी। हाईवे पर तेज गति से दौड़ते वाहन वन्य जीवों के लिए घातक साबित हो रहे हैं। इससे पहले भी 12 मार्च 2021 को सज्जनपुर के पास हाईवे को पार करते हुए सात वर्ष के नर गुलदार की दुर्घटना मे मौत हो गई थी। वन क्षेत्राधिकारी यशपाल सिंह राठौर ने बताया कि मंगलवार सुबह डक्टरों की संयुक्त टीम ने गुलदार के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को श्यामपुर रेंज स्थित परिसर में ही उसका दाह संस्कार कर दिया गया।

## फरवरी माह का राशन नहीं उठाएंगे राशन डीलर

**देहरादून।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शप डीलर्स फेडरेशन उत्तराखंड से जुड़े राशन डीलर बैठक कर रहें हैं। लाभांश का पैसा न मिलने, एनएफएसए का लाभांश बंद होने की वजह से उनमें आक्रोश हैं। एक फरवरी से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी हैं।

23 जनवरी से राशन नहीं उठाएंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडेय, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर ब्रजवासी, प्रदेश मंत्री संजय शर्मा, राजेंद्र बांगा आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले का इनपुट, फिदाइन हमले की आशंका

**लखनऊ (एजेंसी)।** खुफिया एजेंसियों को भगवान राम की नगरी अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर पर आत्मघाती हमले होने का इनपुट मिला है। एजेंसियों ने आशंका जताई है कि आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के सक्रिय सदस्य यहां आत्मघाती हमला कर सकते हैं। इनपुट के मुताबिक आतंकी नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करेंगे।

और श्रीराम मंदिर पर हमले का प्रयास करेंगे।

### भाजपा की बैठक में पीएम मोदी बोले

# भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है, हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है और हमें देश के विकास में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि अमृतकाल को कर्तव्यकाल में बदलना चाहिए, तभी देश तेजी से प्रगति की ओर बढ़ सकता है। पीएम मोदी ने भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कहा कि हमें सीमावर्ती इलाकों के गांवों से ज्यादा जुड़ना चाहिए और उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहिए और वहां हमारी गतिविधियां बढ़नी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नेताओं को नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी न करें। कई के बयान अमर्यादित होते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। किसी भी जाति-संप्रदाय के खिलाफ बयान नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनाव को लेकर यह भी कहा कि हमें




सक्रिय रहना है और आत्ममुग्ध नहीं होना है। कोई यह नहीं समझें कि मोदी आएगा और जीत दिला देगा। हमें इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि पिछली बार हम अतिआत्मविश्वास के कारण हार गए थे। इस बार हमें इससे बचना होगा। लोगों के बीच रहना होगा और मिलकर मेहनत करनी होगी।

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि पीएम ने कहा कि 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं ने पिछली सरकारों के कुशासन को नहीं देखा है और वर्तमान सरकार के तहत भारत अब कुशासन से सुशासन की ओर कैसे बढ़ गया है। इसलिए युवाओं में इसके बारे में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। भाजपा आने वाले दिनों में ऐसा करेगी। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश के संकल्प के तहत सभी राज्यों को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और एक-दूसरे की भाषा और संसति को स्वीकार करना चाहिए।

## टिहरी में दर्दनाक हादसा, सलडोगी के पास कार खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत

**टिहरी ।** उत्तराखंड में टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। आगराखाल-कुसरेला सड़क मार्ग पर सलडोगी के पास एक अल्टो कार खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 1130 बजे की है। कार में तीन लोग ही सवार थे। तीनों लोग आगराखाल से कखील गांव जा रहे थे। तभी सलडोगी के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ ढालवाला की टीम घटनास्थल पहुंची। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने कार में सवार तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। तीनों मृतक टिहरी जिले के रहने वाले थे। **मृतकों का विवरण**1- दीवान सिंह पुत्र सुन्दर सिंह(52) निवासी ग्राम फकोट।2- सतीश सिंह पुत्र जगत सिंह(37) निवासी ग्राम कसमोली।3- कुँवर सिंह पुत्र शेर सिंह( 57) निवासी ग्राम आगराखाल।

## भू-धंसाव ने बदरीनाथ धाम के करोड़ों के खजाने को लेकर बढ़ाई चिंता

**पीपलकोटी ।** जोशीमठ में भू-धंसाव ने भगवान बदरी विशाल के खजाने को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। यदि स्थिति और बिगड़ती है तो बदरीनाथ धाम का खजाना पीपलकोटी में मंदिर समिति के निरीक्षण भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने यहां निरीक्षण कर यह बात कही। कहा कि जरूरत पड़ने पर यहां स्थित निरीक्षण भवन के हल को स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। उन्होंने मंदिर समिति के अधिकारियों के साथ खजाने की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की।चारधाम यात्रा संपन्न होते ही बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के हेड अफिस के साथ ही बदरीनाथ धाम का करा-ेड़ों का खजाना भी जोशीमठ शिफ्ट कर दिया जाता है।मौजूदा समय में बदरीनाथ के खजाने में करोड़ों की नकदी के अलावा 30 क्विंटल चांदी, 45 किलो से अधिक सोना व जेवरात शामिल हैं। जोशीमठ में भू-धंसाव से स्थिति बिगड़ती जा रही है जिसे देखते हुए खजाने को पीपलकोटी शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है।मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि अभी नृसिंह मंदिर व मंदिर समिति के कार्यालय को कोई खतरा नहीं है लेकिन भविष्य में खतरे से इनकार भी नहीं किया जा सकता है।इसे देखते हुए पीपलकोटी में मंदिर समिति के निरीक्षण भवन का जायजा लिया गया। यहां बदरीनाथ के खजाने को रखने की योजना है। बता दें कि अब तक शहर के 849 भवनों में दरारें आ चुकी हैं।

वहीं, अभी तक राज्य सरकार की ओर से प्रति परिवार विस्थापन के लिए अग्रिम रूप से 466 प्रभावित परिवारों को तीन करोड़ एक लाख रुपये की धनराशि वितरित कर दी गई है।

## दो और होटलों में आई दरारें.. लोनिवि का गेस्ट हाउस हुआ तिरछा

### आज किया जाएगा ध्वस्त

**जोशीमठ।** जोशीमठ में भू-धंसाव नहीं रुक रहा है। अब तक शहर के 849 भवनों में दरारें आ चुकी हैं। वहीं, होटल माउंट व्यू और मलारी इन के बाद अब दो अन्य कमेट और स्नो क्रेस्ट होटलों में भी दरारें आई हैं। होटल आपस में मिलने लगे हैं। वहीं, तहसील भवनों के ऊपरी और निचले हिस्से में भी भू-धंसाव हो रहा है।

सीबीआरआई की ओर से इनकी मनीटरिंग की जा रही है। सचिव आपदा प्रबंधन डा सिन्हा ने बताया कि अगर ध्वस्तीकरण की जरूरत हुई तो इन्हें भी पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। सीबीआरआई ने मकानों पर क्रेकमीटर लगाए हैं। इससे दरारों की प्रवृत्ति का पता लगाया जा रहा है।

वहीं, लोक निर्माण विभाग का गेस्ट हाउस भी तिरछा हो गया है। यहां का पूरा भवन एक तरफ को धंस गया है। इसलिए प्रशासन ने इस पर ध्वस्तीकरण के लिए स्टीकर लगा दिया है। बुधवार को इसे डिस्मेंटल करने का काम शुरु होगा। यह पहला सरकारी भवन है जिस पर प्रशासन ने डिस्मेंटल का स्टीकर चस्पा कर दिया है।

बताया कि कुछ घरों और जमीन पर आई दरारों में एक से दो मिलीमीटर की वृद्धि हुई है, लेकिन नए घरों में दरारें नहीं आई हैं। वहीं, पानी का रिसाव भूमि के अंदर न हो इसके लिए खेतों की दरारों को भरने का काम भी जारी है।

जेपी कलोनी में भी खतरे को देखते हुए असुरक्षित भवनों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया है। सीबीआरआई की ओर से सर्वे करने के बाद असुरक्षित घरों को होटलों की तरह वैज्ञानिक तरीके से ध्वस्त किया जाएगा।

वहीं, होटल माउंट व्यू को ढहाने का काम मंगलवार को भी जारी है। यहां डायमंड कटर से छत को तोड़ने का काम किया जा रहा है। होटल को ऊपर से नीचे की ओर तोड़ने की कार्रवाई होगी।

जोशीमठ में जेपी कलोनी में जल प्रवाह में कमी आई है। पानी का प्रवाह छह जनवरी को 540 एलपीएम था, जो वर्तमान में घटकर 163 एलपीएम के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। पानी के प्रवाह में आई कमी के साथ मटमैलापन भी कम हुआ है। 14 जनवरी को जहां 240 लीटर प्रति मिनट पानी बह रहा था, वहीं, 15 जनवरी को यह घटकर 163 एलपीएम हो गया है।

## 26 जनवरी से पहले रची जा रही थी आतंकी साजिश, पाक से जुड़े हैं तार,4 आतंकियों की तलाश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस के सामने कई चुनौतियों है। हाल ही में जाहंगीरपुरी से पुलिस ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद से ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इस मामले को लेकर जांच में पता लगा है कि कोई बड़ी आतंकी साजिश रची जा रही थी। इस साजिश के लिए कुल 6 आतंकी काम कर रहे थे। इनमें से दो को पुलिस ने हिरासत में पहले ही ले लिया है। अन्य चार आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अब सर्च अपरेशन चला रही है।

जांच में पता लगा है कि गिरफ्तार किए गए आतंकियों के सहारे आतंकी संगठन बड़े नेताओं के खिलाफ कोई साजिश रच रहे थे। साथ ही पता लगा है कि इस साजिश के तार पाकिस्तान और कनाडा से भी जुडेध् है।

पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से दो आरोपितों को हत्या के शक में गिरफ्तार किया था। इन आरोपितों से पूछताछ के दौरान पता लगा कि दोनों आरोपित आतंकी संगठन से जुड़े है। गणतंत्र दिवस के पहले इन आरोपितों को पकड़े जाने को लेकर इलाके में हड़कंप मच गया।

# अगले लोकसभा चुनाव तक जेपी नड्डा ही रहेंगे भाजपा अध्यक्ष

### जून 2024 तक बढ़ाया गया कार्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जेपी नड्डा के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आज प्रस्ताव किया है। राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव को रखा है। सभी भाजपा के सदस्यों ने इसे स्वीकार किया है। जेपी नड्डा को जून 2024 तक के लिए भाजपा के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है।

अमित शाह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा 2024 में और भी बड़े बहुमत से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व पीएम के रूप में करेंगे।

जेपी नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इसी साल 20 जनवरी को समाप्त हो रहा था। इसके पहले वह जुलाई 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। उसके बाद 20 जनवरी 2020 को उन्होंने पूर्णकालिक



अध्यक्ष के तौर पर पार्टी की कमान संभाली थी। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष को लगातार तीन साल के लिए दो कार्यकाल दिए जाने का प्रावधान है। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नड्डा का जन्म बिहार की राजधानी पटना में दो दिसंबर 1960 को हुआ था।

अमित शाह ने इस दौरान नड्डा के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में भाजपा को कई अहम चुनावों में जीत मिली। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक राष्ट्रीय राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को शुरु हुई थी। प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह कार्यकारिणी स्थल पहुंचे। उनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के करीब 350 वरिष्ठ नेता इस कार्यकारिणी में भाग ले रहे हैं। इनमें पार्टी शासित 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व पांच उपमुख्यमंत्री तथा 35 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं।

अगले साल 2024 में प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश की जनता से जनमत मांगेगे। उसके पहले 2023 में 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह चुनाव आम चुनाव को लेकर राजनीतिक धारणा बनाने में भूमिका निभाते हैं। इनमें खासतौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा की दृष्टि से बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि इन राज्यों की 93 में से 87 सीटें इस समय पार्टी के पास है। सूत्रों की मानें तो भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा और लोकसभा चुनाव की ब्यूहरचना पर अलग-अलग चर्चा हुई। इस साल त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से ज्यादातर राज्यों में भाजपा या फिर उसके सहयोगी दलों की सरकार है। बैठक में इन राज्यों में सत्ता बचाने और राजस्थान, छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी पर गंभीर विमर्श हुआ। खासतौर से छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव को केंद्र की सत्ता के सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत ने किया यूएनएससी के फैसले का स्वागत, कहा

# क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से खतरा अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल (दाएश) और अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत मक्की को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव भी पेश किया था। हालांकि, जून 2022 में चीन ने ऐन मौके पर इसे रोक दिया।




संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (न्टैब) ने सोमवार को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की ( इकनस त्मीउंद डााप) को अपनी आईएसआईएल (दाएश) और अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत एक वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया। यूएनएससी के इस कदम पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आईएस-ाआईएल और अल कायदा प्रतिबंध समिति द्वारा लश्कर आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को ग्लोबल आतंकी घोषित करने के फैसले का स्वागत करते हैं।

गौरतलब है कि अब्दुल रहमान मक्की लश्कर नेता हाफिज सईद का बहनोई भी है। इतना ही नहीं मक्की ने लश्कर के लिए कई भूमिकाएं भी निभाई हैं। इसमें तमाम तरीकों से संगठन के लिए धन जुटाना शामिल है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि आतंकवादी संगठनों से क्षेत्र में खतरा अधिक बना हुआ है। यूएनएससी द्वारा की जाने वाली लिस्टिंग और प्रतिबंध इस तरह के खतरों को रोकने और क्षेत्र में आतंकवादी ढांचे को खत्म करने के लिए एक प्रभावी उपकरण हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टलरेंस के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर दबाव डालता रहेगा। हम किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने 2021-22 के दौरान अपने न्टैब कार्यकाल के दौरान पाक स्थित आतंकवादियों की एक सूची बनाई थी। 2022 के दौरान भारत ने 1267 आईएस-ाआईएल (दाएश) और अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत 5 नाम पेश किए थे। इनमें अब्दुल रहमान मक्की (एलईटी), अब्दुल रऊफ़ असगर (जेईएम), साजिद मीर (एलईटी), शाहिद महमूद (एलईटी), तल्हा सईद (एलईटी) का नाम था। इन 5 नामों में से प्रत्येक को ग्लोबल आतंकी घोषित करने के खिलाफ शुरू में चीन द्वारा तकनीकी रोक लगाई गई थी, जबकि यूएनएससी के अन्य सभी 14 सदस्य उनकी लिस्टिंग के लिए सहमत हुए थे। मक्की का मामला 1 जून 2022 को भारत ने परिषद में पेश किया था। भारत के इस समर्थन पर अमेरिका ने भी अपनी सहमति जताई थी। तब चीन ने 16 जून 2022 को एक तकनीकी रोक लगा दी थी। इसके 6 महीने के बाद फिर से दिसंबर के मध्य में भारत ने फिर से इस मुद्दे को तेज किया था।

## जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी को खतरा!

**जम्मू , (एजेंसी)।** भारत जोड़ो यात्रा में बिजी राहुल गांधी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को कुछ जगहों पर नहीं चलने की सलाह दी गई है। सुरक्षा सूत्रों ने जानकारी दी है कि उन्हें जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर पैदल चलने से बचना चाहिए। पैदल के बजाय उन्हें कार में यात्रा करनी चाहिए। बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को जम्मू कश्मीर के लखनपुर में एंट्री लेगी।

योजना के मुताबिक राहुल गांधी 19 जनवरी को लखनपुर में प्रवेश करेंगे और वहां एक रात रुकने के बाद अगली सुबह कठुआ के हटली मोड़ से रवाना होंगे। यात्रा फिर से चड़वाल में रात्रि विश्राम करेगी। 21 जनवरी की सुबह यह हीरानगर से दुग्गर हवेली के लिए शुरू होगी और 22 जनवरी को विजयपुर से सतवारी तक जाएगी।

# जोशीमठ के छात्रों को बोर्ड परीक्षा केंद्र चुनने की छूट

### शिक्षामंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**देहरादून।** जोशीमठ में भू-धंसाव से प्रभावित छात्र-छात्राओं की परेशानी देखते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र चुनने की छूट दी जाएगी, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। शीघ्र ही प्रभावित छात्र-छात्राओं से परीक्षा केन्द्र के लिए विकल्प मांगे जाएंगे। बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षार्थियों का मनोबल बढ़ाने के दृष्टिगत प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम' का प्रदेशभर के स्कूलों में आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही सूबे के स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वरियर्स' की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके आयोजन की तैयारियों के बावत विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। बैठक में विभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु



विभिन्न मदों में स्वीत बजट को शीघ्र व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध करने को कहा गया है।

आपदा प्रभावित क्षेत्र जोशीमठ दौरे से वापस लौटने पर विद्यालयी शिक्षा मंत्री ड. धन सिंह रावत ने आज शिक्षा महानिदेशालय ननूरखेड़ में विभागीय बैठक ली, जिसमें ड. रावत ने राहत कैम्पों में रह रहे प्रभावित छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र चुनने की टूट देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि भू-धंसाव से प्रभावित छात्रों को बोर्ड परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो इसके लिए उन्हें अपनी सुविधानुसार किसी भी शहर में परीक्षा केन्द्र चुनने की टूट देने का निर्णय लिया है।

इसके लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सूची तैयार कर शीघ्र संबंधित बोर्ड के अधिकारियों को प्रभावित छात्र-छात्राओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। बैठक में ड. रावत ने बताया कि जोशीमठ आपदा प्रभावित क्षेत्र के अधिकतर छात्र-छात्राएं उत्तराखंड बोर्ड व सीबीएससी बोर्ड के विद्यालयों में अध्ययनरत हैं।

इस संबंध में सीबीएसई बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी व उत्तराखंड बोर्ड के सचिव को प्रभावित छात्र-छात्रों को उनकी सुविधानुसार बोर्ड परीक्षा केन्द्र आवंटित कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। बैठक में ड0 रावत ने आगामी 27 जनवरी को प्रधानमत्रीं के साथ 'परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम' की तैयारियों की जानकारी ली।

# अफसर गणतंत्र दिवस के लिए विशेष तैयारी करें : डीएम



रुद्रप्रयाग : गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाए जाने और अनेक व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की। साथ ही सभी अफसरों को 26 जनवरी के लिए विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी दफ्तारों में कम वोल्टेज के बल्वों/एलईडी का प्रयोग करते हुए उन्हें प्रकाशमान किया जाएगा।

पूर्व संध्या पर सांय 6 से रात्रि 11 बजे तक प्रकाशमान किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों को प्रकाशमान कराने के लिए स्थानीय निकायों, व्यापार संघ व अन्य गैर सरकारी संगठनों की सहभागिता ली जाए। बताया कि 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे शिक्षा विभाग की देखरेख में जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक मुख्यालयों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जबकि प्रातः 9:30 बजे सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण होगा। सुबह 11 बजे से मुख्य कार्यक्रम गुलाबराय मैदान में आयोजित होगा। जहां मुख्य अतिथि द्वारा झंडा रोहण करने के साथ ही परेड की सलामी ली जाएगी। यहां स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य कार्यक्रम के लिए टैंट एवं साउंड व्यवस्था के लिए लोनिवि, पानी के छिड़काव के लिए जल संस्थान को निर्देशित किया है। 25 जनवरी सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे एवं 26 जनवरी प्रातः 6 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका के ईओ को जिम्मेदारी दी गई। उन्हें गुलाबराय मैदान की साफ सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र से स्वतंत्रता सैनानियों की सैन्य विधवाओं व आश्रितों को उनके घर जाकर शॉल वितरण कर सम्मानित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला विकास अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर ली जाए ताकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को 26 जनवरी के मौके पर सम्मानित किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती मरीजों को फल-वितरण किए जाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में डीएफओ अभिमन्यु, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, डीडीओ मनविंदर कौर, एसडीएम सदर अपर्णा ढौंडियाल, जखोली परमानंद राम, ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, सीओ हर्षवर्धनी सुमन आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# फिनलैंड की सीएमआई मार्टी आख्तिसारी पीस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को फिनलैंड की सीएमआई मार्टी आख्तिसारी पीस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान सदस्यों ने संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन गैर सरकारी संगठन है जो संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से संघर्ष रोकने और हल करने के लिए काम करता है। संगठन के संस्थापक नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और फिनलैंड के पूर्व राष्ट्रपति मार्टी आख्तिसारी है। संगठन की उपस्थिति 20 से अधिक देशों में है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि संगठन का विजन और मिशन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति व सद्भाव से ही स्थापित कर हम अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों का हल निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षों का हल करने और दुनिया भर में स्थायी शांति का निर्माण करने के क्षेत्र में सीएमआई बड़ी भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की धारणा हमेशा ॣवसुधैव कुटुम्बकमॣ की रही जिसमें पूरी पृथ्वी को ही एक परिवार के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि अन्य राष्ट्रों को भी भारत की इस महान परंपरा से प्रेरणा लेनी होगी। इस अवसर पर संगठन के एशिया हैड ऑस्करी ऐरोनेन, सीनियर एडवाइजर जैको ओक्सानेन, लीसा कुईना देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलपति चिन्मय पांड्या, उपस्थित रहे।

# सुरक्षित यातायात के बारे में जानकारी दी



रुड़की। यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत चल रहे कार्यक्रमों के समापन पर सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करने को कहा गया। सुरक्षित यातायात के बारे में जानकारी दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति और उत्तरांचल पंजाबी महासभा कि महानगर महिला अध्यक्षा पूजा नंदा ने यातायात कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि सरकार ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न विद्यालयों में यातायात सुरक्षा नियम बताने के लिए कार्यक्रम किए। उन्होंने यातायात सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे पुलिस के प्रयासों की सराहना की। पंजाबी महासभा की महिला अध्यक्षा पूजा नंदा ने कहा कि यातायात सुरक्षा के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं उसमें युवाओं को और अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। यातायात निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि रुड़की तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्यालयों तथा सार्वजनिक जगहों पर यातायात सुरक्षा नियमों को जानकारी देने के लिए समय–समय पर कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा ने कहा कि आज हर नागरिक को यातायात के नियमों को समझने की आवश्यकता है। मौके पर विकास पाल, डॉ. राजकुमार सैनी, उप निरीक्षक अरविंद राणा, सुशील कुमार,गोविंद, विनीता, दीपक कुमार, आजाद सिंह, अशोक कुमार, रमेश, सीपीयू से मुकेश कुमार, बीएल अग्रवाल, गीता मलिक, आकाश जैन, विकास पाल आदि मौजूद रहे।

## पर्यटक और कारोबारी को बर्फबारी का इंतजार

रुद्रप्रयाग : ऊखीमठ ब्लॉक के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दुगलविट्टा एवं चोपता क्षेत्र में इस बार अच्छी बर्फबारी न होने से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय कारोबारियों में मायूसी है। हालांकि नए साल के मौके पर यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवाजाही हुई किंतु शीतकाल में जिस तरह से यहां बर्फ देखने के लिए पर्यटक आते थे, इस बार ऐसा नजारा नहीं दिखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहाड़ों में शीतकाल में पर्यटक स्थलों में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए ही पर्यटकों की आवाजाही होती है, किंतु इस बार मनमाफिक बर्फ न गिरने से कुछ मायूसी जरूर हुई है। स्थानीय निवासी दिनेश बजवाल, गोविंद सिंह, विनोद आदि का कहना है कि जनवरी का महीना आधा गुजर चुका है किंतु अब भी लोगों को बर्फबारी का इंतजार है। (एजेंसी)

# पालिकाध्यक्ष ने दिया विस्थापन की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को समर्थन



नई टिहरी : बीते 34 दिनों से लगातार पूर्ण विस्थापन की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्राम तल्ला उप्पु के ग्रामीणों के बीच सोमवार को नगर पालिका नई टिहरी की अध्यक्ष सीमा कृषाली व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आकाश कृषाली पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि ग्रामीणों की झील से उपजी परेशानियों का तत्काल निराकरण होना चाहिए।

लगातार धरने पर बैठे ग्रामीणों न इस बात पर रोष जाहिर किया कि टीएचडीसी व जिला प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। लगातार के उचित पत्राचार के बाद भी उनकी मांगों पर गौर नहीं किये जाने से वे खासे रोषित हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनके शांति प्रिय धरने को गंभीरता से नहीं लिया गया तो, वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। कहना है कि ग्राम तल्ला उप्पु को बांध परियोजना में पूर्ण प्रभावित होने के बाद भी आंशिक डुब क्षेत्र के गांव में रखा गया है। गांव की सभी सिंचित भूमि और एवं आवासीय भवन टिहरी बांध परियोजना की झील में समा गये हैं। लगातार बीस वर्षों से ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन व टीएचडीसी ग्रामीणों की मांग पर कोई गौर नहीं फरमा रहे हैं।

## एक नजर

### सम्मानित होंगे जंगली

रुद्रप्रयाग : राष्ट्रीय पर्यावरण परिषद् प्रसिद्ध पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली को अपने विशेष पुरस्कार पर्यावरण श्री पुरस्कार से सम्मानित करेगी। उन्हें यह सम्मान पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट और विशेष कार्य करने के लिए दिया जा रहा है। आगामी 22 फरवरी को इंटरनेशनल सेंटर लोधी रोड स्थित पर्यावरण एवं वन मंत्री के हाथों जंगली को यह सम्मान दिया जाएगा। पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने राष्ट्रीय पर्यावरण परिषद् का आभार जताया है। कहा कि देश के पर्यावरणीय संरक्षण में हिमालय के और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इधर, उत्तराखंड से जंगली को पर्यावरण श्री पर्यावरण पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सभी पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत, डा. अरविंद दरमोडा आदि लोगों ने बधाई दी। (एजेंसी)

### प्रभावित पांच परिवारों के विस्थापन को 21.25 लाख जारी

चमोली : राज्य स्तरीय पुनर्वास समिति की संस्तुति के आधार पर जनपद चमोली के तहसील नंदानगर (घाट) के अन्तर्गत ग्राम धुर्मा में दैवीय आपदा से प्रभावित 5 परिवारों को उनकी निजी भूमि पर विस्थापन हेतु शासन द्वारा 21.25 लाख की धनराशि अवमुक्त करते हुए विस्थापन शर्तों एवं प्रतिबंधों के आधार पर व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। प्राकृतिक आपदा से संकटग्रस्त ग्रामों के अन्यत्र विस्थापन व पुनर्वास के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

आपदा प्रभावित परिवारों द्वारा विस्थापित स्थल पर निर्मित किए जाने वाले भवन भूकंपरोधी बनाए जाने होंगे तथा इस हेतु जनपद स्तर पर आपदा विभाग द्वारा प्रशिक्षित ट्रेनर राजमिस्त्री का सहयोग लिया जाएगा एवं निर्मित किए जाने वाले जाने वाले आवासीय भवनों का सत्यापन ब्लॉक स्तर पर तैनात अवर अभियंता द्वारा किया जाएगा। (एजेंसी)

# अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा ने दरोगा भर्ती घोटाले में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत का अंदेशा जताया है। मोर्चा की ओर से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच प्रकरण में शामिल उच्च पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार को विकासनगर के अस्पताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ नेगी ने कहा कि शासन द्वारा पुलिस विभाग में जनवरी–फरवरी 2014 में 339 पदों पर उप निरीक्षक की सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति प्रदान की थी, जिसमें 257 पद उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस), 39 पद उपनिरीक्षक अभिसूचना और 43 पद प्लाटून कमांडर (पीएसी) हेतु विज्ञापित किए गए थे। उक्त भर्ती में 257 उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के सापेक्ष 272 अभ्यर्थी चयनित किए गए, जो कि 15 पद अधिक हैं। कहा, हैरानी इस बात की है कि इन पदों पर ओबीसी हेतु आरक्षित 14 फीसदी आरक्षण के सापेक्ष लगभग 24 फीसदी यानी 65 पदों पर ओबीसी अभ्यर्थियों ने सफलता पाई। जबकि अभिसूचना और प्लाटून कमांडर (पीएससी) के अभ्यर्थी सिर्फ प्रावधानित 14 फीसदी आरक्षण तक ही सीमित रहे। इसका संज्ञान भी विजिलेंस एवं सरकार को लेना चाहिए।

## भर्ती घोटालों को लेकर कांग्रेस का प्रदेश सरकार पर हमला

देहरादून। भर्ती घटाले को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेशभर में सरकार पर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में धरना दिया। इस मौके पर हरीश रावत ने कहा कि लगातार भर्ती घोटालों से युवाओं का विश्वास खत्म हो गया है। सरकार कार्यवाई के नाम पर दिखावा कर रही है। हाकम सिंह के हाकिम अब भी गैंग चला रहे हैं। इस मौके पर गणेश गोदियाल, जसविंदर गोगी, गरिमा देसोनी, मथुरा दत्त जोशी, राजकुमार जायसवाल, धीरेंद्र प्रताप प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# तहसील दिवस में छाई रही मूलभूत समस्याएं

नई टिहरी : तहसील दिवस का जिला मुख्यालय अवस्थिति तहसील में आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर चार शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिला मुख्यालय की तहसील में एडीएम रामजी शरण की मौजूदगी में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। शिकायत करते हुए टीन शैड निवासी कमला देवी ने सर्दी से बचाव के लिए कम्बल दिये जाने तथा छत मरम्मत करवाने का अनुरोध किया। जिस पर एडीएम ने छत मरम्मत के लिए अधिशासी अधिकारी नगरपालिका टिहरी को निर्देशित किया। जबकि एसडीएम टिहरी ने मौके पर ही दो कंबल दिये। ग्राम कोट की रेखा सजवाण ने पति की मृत्यु हो जाने के कारण आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते बच्चों के पालन-पोषण के लिए सरकारी योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। जिस सम्बंधित विभाग को विधवा पेंशन जारी करने को कहा गया। साबली की साक्षी बहुगुणा ने हर घर जल, हर घर नल के तहत पानी का कनेक्शन दिये जाने का अनुरोध किया। जिस पर एडीएम ने ईई जल संस्थान को आवश्यक कार्यवाही कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा। ग्राम छाती के गोपाल सिंह रावत ने छाती मोला मोटर मार्ग निर्माण से ग्राम सभा छाती के क्षतिग्रस्त सार्वजनिक रास्तों को ठीक न किये जाने की शिकायत।

# डोईवाला ब्लॉक सभागार मे हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक



देहरादून। डोईवाला ब्लॉक सभागार मे ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई।

बैठक में डोईवाला के विधायक बृजभूषण गैरोला, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कामठान एवं जिला स्तरीय विभगीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्री गैरोला ने उपस्थित अधिकारियों से गत बैठक दी गई दिशा–निर्देशों के अनुपालन में कार्यप्रगति की भी विस्तृत जानकारी लेते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने–2 क्षेत्र की उठाई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिन समस्या/कार्य का निस्तारण अपने विभागीय उच्चाधिकारी द्वारा किया जाना है ऐसी शिकायतों को अपने विभाग से समन्वय करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों का कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सदन में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं/शिकायतों को अक्षरशः अंकित करते हुए निर्धारित समय के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्र में संचालित कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयसीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चत करेंगे।बैठक में ग्राम पंचायत के प्रधानों के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शिरकत करते हुए माननीय विधायक, ब्लॉक प्रमुख एवं उच्च अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग की। बैठक ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को कार्य प्रगति बढाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव की मूलभूत समस्या यथा बिजली की अघोषित कटौती की शिकायत कर समाधान की मांग की जबकि सिंचाई, पेयजल और लोक निर्माण विभाग से जुड़ी समस्याओं को भी बैठक में रखकर समाधान करने की मांग की।इस अवसर प बैठक में मौजूद विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा यह बैठक महत्वपूर्ण होती है जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या रखते है। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में प्राप्त समस्याओं को त्वरित निस्तारण करें साथ आना चाहिए ताकि पंचायत के विकास कार्य में तेजी आए और समस्याएं का त्वरित समाधान हो।बैठक में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं/शिकायतों उठाईं है उनका 15 दिन के भीतर कार्यवाही करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को भी अवगत कराए। बैठक में उप जिलाधिकारी युक्ता मिश्रा, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी शंभाली गुरूंग, सहकारिता से सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, विद्युत विभाग से विजय कुमार, सिंचाई विभाग, लोनिवि, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संस्थान, उद्यान आदि समस्त विभागों के अधिकारी कार्मिक के साथ ही ग्राम प्रधान रानीपोखरी सुधीर रतूड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन रैली निकाली

विकासनगर। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन वाहन रैली निकाली। रैली परिवहन विभाग कार्यालय ढालीपुर से हरबर्टपुर, विकासनगर होते हुए कालसी और डाकपत्थर होकर ढालीपुर में समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि सभी नागरिकों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपनी अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली को ढालीपुर स्थित परिवहन विभाग के कार्यालय से एआरटीओ प्रशासन मनीष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद रैली हरबर्टपुर, विकासनगर बाजार होते हुए जीवनगढ़, कालसी व कालसी से वापस अंबाडी, डाकपत्थर होते हुए वापस एआरटीओ कार्यालय ढालीपुर में संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में मैजिक, टेंपो, ई–रिक्शा व बाइक शामिल रहीं। इस दौरान परिवहन विभाग की ओर से जागरूकता को लेकर लोगों से संवाद किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों से शराब पीकर वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने, कार में सीट बेल्ट लगाने, बिना हेलमेट स्कूटर बाइक न चलाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, दुपहिया वाहनों में ट्रिपल राइडिंग न करने, नाबालिग बच्चों को वाहन न देना, वाहनों में ओवरलोडिंग न करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचने की सलाह दी गयी।

## बदनाम करने और धमकी देने का आरोप

विकासनगर। भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के राष्ट्रीय संयोजक ने ढकरानी और जस्सोवाला निवासी दो लोगों पर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर उन्हें तथा उनके बेटे को बदनाम करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुंवर ने कोतवाली विकासनगर में तहरीर देकर बताया कि ढकरानी और जस्सोवाला निवासी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर एक एससीएसटी व ओबीसी के नाम से ग्रुप बनाया हुआ है।

# एसडीएम से की भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

विकासनगर। कब्रिस्तान की जमीन को लेकर हुए विवाद में अब दो पक्ष आमने सामने आ गए हैं। बीते सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वन विभाग की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए डीएफओ कार्यालय में प्रदर्शन किया था। जबकि मंगलवार को जौनसार बावर महायुवा संगठन और कई हिंदूवादी संगठनों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। मंगलवार को महायुवा संगठन के साथ ही बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, वैदिक मिशन, रुद्र सेना, प्रतिष्ठा सेवा समिति ट्रस्ट और उत्तराखंड प्रगतिशील पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे। रुद्र सेना प्रमुख राकेश तोमर ने एसडीएम को बताया कि कुछ राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से आरक्षित वन क्षेत्र और राजस्व विभाग की जमीन अवैध तौर पर मुस्लिम समुदाय को कब्रिस्तान के तौर पर उपयोग में लाने के लिए दे दी गई थी। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से भी स्पष्ट हो चुका है कि जमीन राजस्व अभिलेखों में अभी भी आरक्षित वन क्षेत्र और सरकारी स्वामित्व के तौर पर दर्ज है। इस जमीन पर पिछले समय से पक्का निर्माण किया जा रहा है। पक्का निर्माण कर सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द करने की कोशिश की जा रही है। कहा कि चार वर्ष पूर्व इस संबंध में केंदीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन को जांच के आदेश दिए गए थे। लेकिन कुछ राजस्व कर्मियों ने जांच शुरू करने के बजाय भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू कर दी, जो गैरकानूनी है।

## 9 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पौड़ी** : जनपद की पैठाणी पुलिस ने 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित लंबे समय से मजरा महादेव बाजार में शराब तस्कारी का धंधा चला रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

थाना पैठाणी के ग्राम पंचायत नौड़ी के जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों ने पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार की शिकायत की थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस ने एक दुकानदार को 9 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र रमोला ने बताया कि आरोपी मगन सिंह मजरा महादेव में मांस की दुकान चलाता है। वह लंबे समय से क्षेत्र में शराब की तस्करी कर रहा है। मगन सिंह की दुकान के ऊपर वाले कमरे से शराब बरामद की गई है। मगन सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया कि ग्रामीणों की शिकायत में शामिल अन्य लोगों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वीरेंद्र रमोला, हेड कांस्टेबल हरीश जमलोकी, कांस्टेबल कमल शामिल रहे।

# गंदगी के ढेर में तब्दील हुई भलाई की दीवार, सिस्टम ने फेरा मुंह

- ठंड में गरीब को कपड़े उपलब्ध करवाने के लिए बनाई गई थी योजना
- भलाई की दीवार के आसपास बेतरतीब तरीके से इधर-उधर पड़े हैं कपड़े

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ठंड में गरीब को गर्म कपड़े उपलब्ध करवाने के लिए बनाई गई भलाई की दीवार गंदगी के ढेर में तब्दील हो गई। हालत यह है कि भलाई की दीवार के आसपास कपड़ों को बेतरतीब तरीके से फेंका गया है। अधिकांश स्थानों पर कपड़ों को

### आमजन भी दिखा रहा लापरवाह

योजना के अनुसार, जिनके पास पुराने कपड़े हैं वह भालाई की दीवार पर उन्हें व्यवस्थित तरीके से रख सकता था। जिसके बाद जिन गरीब परिवारों को पकड़ों की अवश्यकता होगी वह उसका उपयोग कर सकते थे। लेकिन, कई व्यक्ति अपने घरों में पड़े पुराने कपड़ों की गठरी बनाकर उसे दीवार के समीप सड़क पर फेंककर चले जाते हैं। जिससे यह कपड़े सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से पड़े रहते हैं।



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में भलाई की दीवार के बाहर सड़क पर बेतरतीब पड़े कपड़े।

बेहतर तरीके से रखने की व्यवस्था तक नहीं है।

यही नहीं देवी मंदिर के समीप बनी भलाई की दीवार पर तो रेहड़ी-ठेली वालों ने कब्जा कर लिया है।

'जो आपके पास अधिक है, यहां छोड़ जाएं, जो जरूरत का है ले जाएं'। कुछ इसी भावना से वर्ष 2020 में प्रशासन ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर चार भलाई की दीवार बनाई थी। दीवार पर पुराने कपड़ों को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए हैंगर भी लगाए गए थे। लेकिन, वर्तमान में कुछ लोगों की लापरवाही के कारण यह दीवार गंदगी के ढेर में तब्दील होती जा रही है। दीवार के आसपास सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से कपड़ों के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में गरीब को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में कई सामाजिक संस्थाएं नगर निगम से भालाई की दीवार में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की भी शिकायत कर चुकी हैं। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारियों ने इसपर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

## विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से टीसीजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजन की गई।

मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से टीसीजी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रियांशी कोटनाला ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय व सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत कर अधिकारी हरीश सती ने विद्यार्थियों के यातायात के बारे में जानकारी दी।

कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। वाहन चलाने के दौरान हमें नियमों का अवश्य पालन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी बात कही। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीना, अजय नौडियाल आदि मौजूद रहे।

## तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों को विभाग गंभीरता से लें : एडीएम

### तहसील दिवस में 47 शिकायतें दर्ज, 18 का निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के दिशा-निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी की अध्यक्षता में चौबट्टाखाल में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में पेयजल, विद्युत, सड़क, शिक्षा सहित 47 शिकायतें दर्ज कराई गई। 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों के संबंध में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिये। मंगलवार को चौबट्टाखाल तहसील दिवस में अधिकतर शिकायतें पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, लोनिवि सहित अन्य की रही। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में दर्ज कराई गई शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें। कहा कि तहसील दिवसों, बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से ही स्थानीय लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को ब्लाक व तहसील स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में सभी लोगों की शिकायतों को सभी विभाग गंभीरता से लें और यथाशीघ्र पारदर्शिता और जवाबदेही से उसको निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार, तहसीलदार श्रेष्ठ गुनसोला, ब्लॉक प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

## युवक ने खाया विषाक्त, मौत

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत निंबूचौड़ निवासी एक व्यक्ति ने विषाक्त का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि सोमवार देर शाम स्वजन अजय डोबरियाल (36) को निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय लेकर पहुंचे। अजय के मुंह से काफी झाग निकल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजनों से मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व अजय के पिता की मौत हो गई थी।

# क्षेत्र का बेहतर विकास पहली प्राथमिकता : दलीप रावत

### रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत कर्तिया स्थित मां बंजा देवी मंदिर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** लैंसडौन विधायक दलीप रावत ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का बेहतर विकास है। इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बंजा देवी मंदिर में कार्यक्रम स्थल पर टीन सेट का मंच बनाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

रिखणीखाल ब्लॉक के कर्तिया स्थित मां बंजा देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दलीप रावत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक हैं। युवाओं को अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। विधायक ने कार्यस्थल में एक बेहतर टीन शैड मंच का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान पौड़ी पुलिस ने महिलाओं व अन्य लोगों को साइबर सहित अन्य



कार्यक्रम के दौरान विधायक को सम्मानित करते समिति के सदस्य

अपराधों के प्रति जागरूक किया। समिति ने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए हर्ष मोहन सिंह नेगी, गजेंद्र सिंह नेगी, अरविंद चौधरी, सुषमा गुसाईं, विनयपाल नेगी सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विनयपाल नेगी, नीलम रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनीता ध्यानी, ग्राम प्रधान शर्मिला देवी, समिति अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, दिनेश रावत, अमित नेगी, अनिल रावत, चंद्रमोहन सिंह नेगी, अनीता ध्यानी, विनोद रावत, राजपाल गुसाईं आदि मौजूद रहे।

## हाईटेंशन की चपेट में आने से महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के अंतर्गत मवाकोट मालन नदी के समीप जंगल में घास लेने गई एक महिला की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, सूचना के बाद भी मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर मृतिका के स्वजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस के समझाने के बाद स्वजन शांत हुए।

कलालघाटी निवासी गीता देवी (57 वर्ष) पत्नी सुरेंद्र सिंह मंगलवार दोहपर अपनी जेठानी के साथ जंगल में घास लेने गई हुई थी। पेड़ में चढ़ घास काटने के दौरान अचानक गीता हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गई और जमीन पर गिर गई। मौके पर मौजूद गीता की जेठानी ने घटना की जानकारी स्वजनों को दी। गीता देवी के बेटे चंद्रदीप ने बताया कि करंट से झुलसी अपनी मां को अस्पताल पहुंचाने के लिए उन्होंने तुरंत आपातकालीन सेवा 108 को फोन पर सूचना दी। लेकिन, एक घंटे इंतजार के बाद भी जब वाहन मौके पर नहीं पहुंचा तो वे किसी अन्य निजी वाहन से अपनी माता को लेकर बेस चिकित्सालय पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी माता को मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक ममता मखमोला ने बताया कि आपातकालीन सेवा के समय पर न पहुंचने पर स्वजन काफी नाराज दिखे व उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। लेकिन, पुलिस ने उन्हें समझाते हुए शांति करवाया। अस्पताल प्रशासन का कहना था कि स्वजनों की ओर से आपातकालीन सेवा को गलत लोकेशन दी गई थी। जिसके कारण घटनास्थल पर पहुंचने में समय लग गया था।

# सिताबपुर ने जीती बालीवॉल प्रतियोगिता



मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह रावत विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नेहरू युवा केन्द्र पौड़ी गढ़वाल के सौजन्य से शारीरिक समर्थता दिवस कार्यक्रम पर बाल भारती पब्लिक इंटर कॉलेज मोटाढाक में महिला वर्ग की बालीवॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में युवा मंडलों की महिला वर्ग की टीमों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बालीवॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच में युवा मंडल सिताबपुर ने युवा मंडल शिवराजपुर को पराजित किया।

मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह रावत प्रधानाचार्य बाल भारती पब्लिक इंटर कॉलेज ने खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेल का नियमित अभ्यास करना चाहिए, क्योंकि आधुनिक दौर की भाग-दौड़ भरी दिनचर्या में युवाओं का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होना आवश्यक है, ताकि युवा स्वस्थ और निरोगी बने रहें। बालीवॉल प्रतियोगिता में युवा मंडल सिताबपुर ने युवा मंडल शिवराजपुर को सीधे सेटो 15-09 और 15-13 से परास्त कर विजय प्राप्त की। निर्णायक की भूमिका में शारीरिक शिक्षक सतीश मौर्य, सहायक अध्यापक प्रांजल रावत रहे। बालीवॉल प्रतियोगिता में युवा मंडल पदमपुर सुखरो, पदमपुर मोटाढांग, सिताबपुर, बालासौड़, शिवराजपुर, बाल भारती की महिला वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर विवेक नेगी, प्रयाग बिष्ट, सिद्धार्थ रावत, मेहरबान सिंह कंडारी, सतेन्द्र रावत, प्रत्यांक्ष नेगी आदि उपस्थित रहे।

# गढ़वाली व कुमाऊंनी गीतों पर झूमे दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अजमीर-उदयपुर मेला समिति थलनदी की ओर से आयोजित सात दिवसीय गेंद मेले के अंतिम दिन लोक गायक संजय रावत, रेशमा शाह व सीमा मैंदोला की आवाज का जादू देखने को मिला। देर शाम तक दर्शक लोग गायकों के गढ़वाली व कुमाऊंनी गीतों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला महाविद्यालय बिथ्याणी के नाम रहा।

मेले के अंतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने किया। कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी सभ्यता का प्रीतक है। युवाओं को अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए।

इसके उपरांत लोकगायक संजय रावत ने गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया। लोक गायक संजय रावत ने 'पौड़ी की बांद च..', 'झुपली बांद..', 'चल दगड्या कू ब्यौ मा जयोला..' की प्रस्तुतियां दी।

गायिका रेशमा शाह ने 'भूजी जाला चूड़ा..', 'खेल गिंदवा..' और लोक गायिका सीमा बडोला मैंदोला ने 'जय मां श्याम सुंदरी...', 'क्रीम पाउडर...', 'मेरा गांव मुलुक...', 'थलनदी बाजार...', सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी।



थलनदी में आयोजित गेंद मेला महोत्सव के अंतिम दिन सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार नेगी, सचिव विजेंद्र खत्री, पूर्ण चंद्र अमोली आदि मौजूद रहे।

## नेत्र परीक्षण शिविर में चालकों ने कराई जांच

**श्रीनगर गढ़वाल** : सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत श्रीनगर महिला थाने में एसएसपी पौड़ी के निर्देशों पर व्यावसायिक वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मोहित ने चालकों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर का बड़ी संख्या में चालकों ने लाभ उठाया। मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी एसडी नौटियाल, कोतवाली निरीक्षक हरिओम राज चौहान, यातायात निरीक्षक नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दो लाख की चरस के साथ पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डेढ़ किलोग्राम चरस के साथ एक पूर्व सैनिक को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस का बाजार मूल्य करीब दो लाख रुपये आंका गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि लालपुर सुखरो क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने व्यक्ति के हाथ में पकड़े थैले की तलाशी ली तो उसके अंदर से चरस बरामद हो गई। व्यक्ति की पहचान लालपुर सुखरो निवासी कमलेश खंतवाल के रूप में हुई है। बताया कि वह पूर्व सैनिक है और पहाड़ी क्षेत्रों में चरस खरीद कर उसे क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचता है। बताया कि पुलिस आरोपित के संपर्क में रहने वाले अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।



कोटद्वार पुलिस की हिरासत में चरस के साथ पकड़ा गया पूर्व सैनिक

## पूर्व की भांति जिला अस्पताल का संचालन किया जाए

**पौड़ी** : गढ़वाल सांसद एवं पूर्व सीएम तीरथ सिंह के बयान पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कोट एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवल किशोर ने सवाल खड़े किए हैं। नवल किशोर ने कहा कि इस बयान से साफ जाहिर होता है कि सांसद क्षेत्र की समस्याओं के प्रति कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि पौड़ी अस्पताल की बदहाली से जनता परेशान है। पीपीपी मोड में जाने के बाद इस अस्पताल की हालत और भी बदतर हो गई है। कहा कि मंडल मुख्यालय पौड़ी की बदहाली के लिए भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। मंडल मुख्यालय पौड़ी की उपेक्षा भाजपा सरकार पहले से करती आई है और अभी भी कर रही है। उन्होंने गढ़वाल सांसद से जनहित को देखते हुए पौड़ी अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाते हुए पूर्व कि भांति इसका संचालन करने की मांग की है।

# महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पौड़ी पुलिस गंभीर, दी गौरा शक्ति ऐप की जानकारी

**पौड़ी** : महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पौड़ी पुलिस गंभीर नजर आ रही है। जहां जिले की पुलिस महिलाओं व युवतियों का गौरा शक्ति एप में स्वयं पंजीकरण करा रही है, वहीं उन्हें एप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दे रही है। पुलिस कर्मियों ने सरकारी, गैर सरकारी संगठनों में काम करने वाली महिलाओं के मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराया। गौरा शक्ति ऐप महिलाओं के पास ऐप के रूप में ऐसी ताकत होगी, जिसके माध्यम से वे सुरक्षित रहेंगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे के निर्देश पर जिले के सभी थानों की महिला हेल्प डेस्क द्वारा सरकारी, गैर सरकारी महिलाओं को उत्तराखंड पुलिस एप की सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि महिलाओं और युवतियों को उत्तराखंड पुलिस एप डाउनलोड करा कर एप में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए अपने मोबाईल से ही घर बैठे लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उत्तराखंड पुलिस एप में महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति व बटन की सुविधा के बारे में जानकारी बताते हुए महिलाओं व युवतियों का गौरा शक्ति में स्वयं पंजीकरण कराया जा रहा है। गौरा शक्ति ऐप के माध्यम से कामकाजी महिलाएं अपना पंजीकरण खुद कर सकेंगी। इसमें कामकाजी महिलाएं अपनी और संस्थान की जानकारी दर्ज कर सकती हैं, जिससे राज्य सरकार के पास महिलाओं और उनसे संबंधित संस्थानों की जानकारी रहेगी। इसके साथ ही महिलाएं ऐप के माध्यम से अपने साथ होने वाले अत्याचार और दुर्व्यवहार की शिकायत भी कर सकती हैं।

गौरा शक्ति ऐप में कई तरह की सुविधाएं महिलाओं को मिलेगी। महिलाएं इसमें उपलब्ध टोल फ्री नंबर पर कॉल करके किसी भी समय मदद ले सकती हैं। वहीं इसमें नजदीकी पुलिस स्टेशन की लोकेशन और नंबर भी उपलब्ध है। ऐप में पुलिस विभाग के अधिकारियों के नंबर भी उपलब्ध हैं, जहां से महिलाएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर सकती हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

**पौड़ी** : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को कार्यशाला में तकनीकी जानकारियां दी गई।मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में जिला पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वराज अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हिमालय इंस्टीटयूट हास्पिटल ट्रस्ट के मास्टर ट्रेनर डा. राजीव बिजल्वाण, स्वजल प्रबंधक दीपक रावत ने ठोस अपशिष्ठ निवारण और डा. बीडी उनियाल ने गरीबी उन्नमूलन को लेकर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सतत विकास के लक्ष्य के स्थानीयकरण पर चर्चा की। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष रचना बुटोला ने किया। इस मौके पर डीपीआरओ जितेंद्र कुमार, रविंद्र वर्मा, विवेक आनंद, कमल जोशी, लीला उनियाल आदि शामिल थे।

# पुलिस मुंबई से वापस लाई वृद्धा को, पुत्र ने किया इंकार, भेजा नारी निकेतन

अल्मोड़ा : कड़ी मशक्कत के बाद मुंबई से तलाशकर अल्मोड़ा लाई गई भिकियासैंण निवासी वृद्धा को पुत्र के इनकार के बाद नारी निकेतन भेज दिया है।

पुत्र का कहना था कि उसके घर के हालात बेहद दयनीय हैं। ऐसे हालात में वह बीमारी के हाल में घर पर मां की परवरिश करने में असमर्थ है। दरअसल, कुछ दिन पूर्व ही मुंबई से एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया में पोस्ट वायरल कर भिकियासैंण निवासी एक वृद्धा को उनके घर पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई थी।



सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया और अल्मोड़ा पुलिस को जल्द से जल्द वृद्धा को सकुशल वापस लाने के निर्देश दिए थे। वृद्धा की तलाश में पुलिस टीम बीते 11 जनवरी को मुंबई पहुंच गई थी। टीम ने मुंबई पुलिस, दान सिंह राजपूत और मानवाधिकार फाउंडेशन मुंबई की अध्यक्ष मीनाक्षी सामंत के सहयोग से तीन दिन की कड़ी मशक्कत के बाद वृद्धा को 14 जनवरी को मुंबई से खोज लिया था। सोमवार शाम वृद्धा को वापस अल्मोड़ा लाया गया। यहां पहुंचने पर एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने आमा की कुशलक्षेम पूछी और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद वृद्धा के पुत्र ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी दिव्यांग है। उसके छोटे–छोटे बच्चे हैं।

वह हर सुबह मेहनत मजदूरी के लिए घर से बाहर जाता है। ऐसे हालात में वह बीमार मां की घर पर देखभाल करने में असमर्थ है। इसी को देखते हुए वृद्धा को नारी निकेतन भेजा गया। पुलिस के मुताबिक वृद्धा का नारी निकेतन में चिकित्सकों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। वृद्धा का स्वास्थ्य और मानसिक हालत अभी ठीक नहीं है। उनके परिजनों के मुताबिक स्वास्थ्य सही होने पर वह वृद्धा को अपने साथ घर ले जाएंगे। (एजेंसी)

## तीन छात्र-छात्राएं इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

बागेश्वर : राजकीय जूनियर हाईस्कूल छातीखेत के तीन छात्र-छात्राओं का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। कक्षा छह की खुशबू, कोमल आर्या और आठवीं के रोहित कुमार का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। प्रधानाध्यापक विनीता सोनी ने बताया कि मेधावी छात्र–छात्राओं को यह लाभ मिला है। जिससे विद्यालय गौरवांवित हुआ है। उन्होंने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना कक्षा छह से 10वीं के छात्रों को मिलती है। सभी मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना है। मेधावी छात्रों के लिए इंस्पायर स्कालरशिप के तहत हर वर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## उत्तरायणी मेले में स्थानीय कलाकारों ने बांधा समा

चम्पावत : हरेला क्लब के दो दिवसीय उत्तरायणी कौतिक मेले का समापन हो गया। समापन की रात अल्मोड़ा से आए कलाकारों ने सतरंगी छटा बिखेरी। इस दौरान मेले में आए लोगों ने खूब खरीददारी की।

सोमवार देर रात तक गांधी मैदान में उत्तरायणी कौतिक के समापन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इससे पहले अल्मोड़ा से पहुंचे संस्कार सांस्कृतिक समिति एवं नटकला केंद्र के दल ने शिव वंदना से शानदार प्रस्तुति पेश की। जिसके बाद पालीवाल म्यूजिक और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश कर समां बांध दिया। हरेला क्लब के संरक्षक धमेंद्र चंद ने बताया कि दो दिवसीय मेला शांतिपूर्वक समाप्त हो गया है। बताया कि मेले से प्राप्त हुई धनराशि से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं मेले में स्थानीय कलाकारों ने भी जलवे बिखेरे।

देर रात लकी ड्रा के विजेताओं के नामों की घोषणाएं की गई। जिसमें घसियारा मंडी निवासी सुनील कुमार कश्यप का पहला इनाम मोटरसाइकिल खुला। यहां हरेला क्लब के अध्यक्ष डीडी भट्ट, उपाध्यक्ष अजय गुरूरानी, सचिव भुवन जोशी, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र खर्कवाल, शंकर दत्त गड़कोटी, डीडी धामी, डॉ. डीसी पाठक, दीपक गहतोड़ी, एमएन जोशी, अनिल गड़कोटी, विजय चंद, वीके जोशी, जेबी चंद, कैलाश गड़कोटी, नवीन चंद्र जुकरिया, अजय देउपा, प्रदीप देउपा आदि रहे। (एजेंसी)




## जिला समिति ने किया स्कूलों का निरीक्षण

चम्पावत : जिला बाल कल्याण समिति चम्पावत के सदस्य राजू गड़कोटी एवं मनोज तिवारी ने मंगलवार को बस्तिया प्राथमिक विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं का संज्ञान लेते हुए उन्हें बाल कल्याण समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप चंद ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का भी मौका मुआयना कराया। इस दौरान विद्यालय में पेयजल की कमी और आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय भी बंद होने का संज्ञान समिति के सदस्यों ने लिया। (एजेंसी)

## 21 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू

अल्मोड़ा : उद्योग निदेशालय की ओर से गेवाड़ संकल्प समिति के दिगौत में 21 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख किरन बिष्ट और खंड विकास अधिकारी दिलमणी जोशी ने किया। यहां पुराने कपड़ों से दरी, चादरें, पायदान बनाने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों को दिया जा रहा है। ताकि महिलाएं कौशल सीख कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण में ब्लॉक प्रमुख ने समिति के प्रयासों की सराहना की। खंड विकास अधिकारी डीएम जोशी ने महिलाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, ऐसे कार्यक्रम को प्रेरणा स्रोत बताया और महिलाओं को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

## मजदूरों के बच्चों को आंगनबाड़ी में दें दाखिला : डीएम

बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने खान क्षेत्रों में मजदूरों के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकरण किए जाने के आदेश दिए हैं। कहा कि श्रम विभाग व खान विभाग मिलकर मजदूरों के बच्चों के लिए किसी केयर टेकर या अध्यापिका की व्यवस्था स्वयं करें। उन्होंने स्कूलों के पास नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में बाल संरक्षण से संबंधित हितधारक विभागों की समीक्षा बैठक ली। कहा कि मजदूरों के बच्चों को कार्य स्थल या किसी खतरे वाले स्थान पर कतई नहीं रखें। उनके हित के लिए पात्र बच्चों को निकटतम आंगनबाडी केंद्र में दाखिला किया जाय। उन्होंने जनपद के खनन क्षेत्र व बढ़े निर्माण स्थल के ठेकेदार से



मिलकर उनके माध्यम से मजदूरों के बच्चों के लिए केयर टेकर व अध्यापक की तैनाती खान मालिक के माध्यम से करने को कहा। इसके लिए श्रम परिवर्तन अधिकारी व खान अधिकारी से अभियान चलाने को कहा। जनपद में स्कूली बसों की नियमित चेकिंग करने तथा बसों में महिला कंडक्टर होने के साथ ही अन्य मानकों की जांच किए जाने को कहा। जिला प्रोबेसन अधिकारी हेम तिवारी ने बताया कि जनपद में मिशन वात्सल्य के तहत लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों को इसका लाभ प्रदान कर दिया गया है। उन्होंने जनपद में बाल श्रम रोकने आदि की जानकारी दी।

# डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करें सरकार

अल्मोड़ा : सर्वदलीय संघर्ष समिति ने पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण की व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि समिति पिछले पांच वर्षों से संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार जन विरोधी फैसले को वापस नहीं ले रही है। कहा कि फैसला वापस नहीं लेने तक धरना जारी रहेगा। इस मौके पर चंद्रकांत जोशी,




ललित मोहन पंत, हेम चंद्र जोशी, आनंदी वर्मा, पूरन सिंह रौतेला, प्रत्येश पांडे, भारत रत्न पांडे, राजू गिरी, आनंद सिंह, महेश चंद्र आर्या, पारितोष पांडे आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## वंचित राज्य आंदोलनकारियों की अनदेखी कर रही सरकार

पिथौरागढ़ : वंचित राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

मंगलवार को वंचित राज्य आंदोलनकारी महेश जोशी ने कहा कि उन्होंने राज्य आंदोलन के दौरान उन्होंने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लेकिन अलग राज्य के 22 साल बाद भी उन्हें आंदोलनकारी का दर्जा नहीं मिला है। शासन-प्रशासन की ओर से बार–बार आश्वासन दिया जाता है, लेकिन चिह्नीकरण को लेकर कोई पहल नहीं होती। जोशी ने सरकार से सम्मान से वंचित रहे गए आंदोलनकारियों की भी सुध लेने को कहा है। (एजेंसी)

# वंचितों को खाद्य सुरक्षा–अंत्योदय कार्ड जारी करने की मांग

रुद्रपुर। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में कोई भी लाभार्थी छूटना नहीं रहना चाहिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थी को राशन मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आयोग के कार्यों की जानकारी दी। कहा कि सरकार ने हर घर हर परिवार को राशन देने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिये राशन वितरण की व्यवस्था की है। इधर, पालिकाध्यक्ष ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के वितरण के लिए पात्र लोगों के अंत्योदय और खाद्य सुरक्षा कार्ड न बनाने की शिकायत की। उन्होंने सिडकुल में काम करने वाले श्रमिकों को भी राशन देने की मांग की। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में सतर्कता समिति की बैठक हुई। पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने कहा कि नगर के वार्ड संख्या 01, 02, 03, 04, 11, 12 और 13 में सबसे अधिक निर्धन परिवार रहते हैं। आरोप लगाया कि राशन कार्ड उनकी पात्रता देखकर नहीं बनाये गये हैं। जरूरतमंद अंत्योदय और खाद्य सुरक्षा के कार्ड से वंचित रह गये हैं। जबकि अपात्र लोगों को इस श्रेणी में कार्ड निर्गत हुए है। बताया ऐसे कार्डधारक राशन लेकर फिर बेच देते हैं। उन्होंने आयोग के अध्यक्ष से सिडकुल में रहने वाले श्रमिकों को भी राशन देने की मांग की। वहीं, पालिका सभासदों ने हर वार्ड में सौ–सौ राशन कार्ड बढ़ाने की मांग की। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष रावत ने कहा जो पात्र हैं उन्हें योजना का लाभ मिलना चाहिए। अगर किसी को कोई भी दिक्कत हैं तो आयोग में अपनी शिकायत रख सकते हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गठित आयोग में लाभार्थी के साथ ही कोटेदार भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण होगा। सदस्य सचिव तेजबल सिंह ने क्षेत्र में लाभार्थियों को हर महीने बंटने वाले राशन की जानकारी दी। कहा कि दिसंबर के महीने में 85 फीसदी लोगों को राशन बांटा गया है। यहां पालिका ईओ प्रियंका आर्य, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, सीडीपीओ मंजूलता यादव, सभासद पंकज रावत, सचिन गंगवार, जिलानी अंसारी, राधेश्याम सागर, रवि रस्तोगी, रहमत हुसैन रहे।

# कार्यबहाली को जायडस कर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस

रुद्रपुर। जायडस कर्मचारियों ने नगरपालिका कार्यालय परिसर के पास स्थित पार्क से मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने कंपनी प्रबंधन, शासन–प्रशासन से उनके अधिकार वापस दिलाते हुए कार्यबहाली की मांग की। पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे भी जुलूस में शामिल हुए। मंगलवार शाम जायडस कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कंपनी की बंदी को अवैध घोषित कर चुकी है। श्रमिक 214 दिन से धरने में बैठे हैं। अवैध बंदी घोषित होने के बाद श्रमिक श्रम विभाग में अपना प्रत्यावेदन भी दे चुके हैं। लेकिन कंपनी प्रबंधन ने अब तक कार्यबहाली नहीं की। 1200 श्रमिकों के परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। उन्होंने सरकार से कंपनी प्रबंधन पर दबाब बनाने की मांग की। आरोप लगाया कि उनकी सुध तक नहीं ली जा रही है। कहा कि शासन, प्रशासन और कंपनी प्रबंधन को नींद से जगाने से मशाल जुलूस निकाल रहे हैं। इधर, पालिकाध्यक्ष दुबे भी जायडस कर्मियों की मांगों के समर्थन करते हुए जुलूस में शामिल हुए। यहां एक्टू के कोषाध्यक्ष ललित मटियाली अध्यक्ष विकास सती, महामंत्री उमेश गोला, धर्मेंद्र सिंह, रंजना राणा, चंदन बोरा, अनूप पटवाल, लीलाधर भट्ट, भरत जगवाण, जयप्रकाश, मोहन सिंह बिष्ट, चंदन, अनूप, भास्कर, दीपक, भरत, विकास, कुलदीप रहे।

## जोशीमठ आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

जोशीमठ आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही आपदा पीड़ित परिवारों के विस्थापन की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा से बद्रीनाथ धाम को जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भी खतरे की जद में है।

## जाख–थली सड़क बनी दुर्घटना का सबब

पिथौरागढ़ : जाख–थली सड़क दुर्घटना का सबब बनी हुई है। मंगलवार को स्थानीय निवासी शिव सिंह सुगड़ा ने बताया कि थली रामेश्वर सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सड़क की सुरक्षा के लिए बनाई गई दीवार भी जगह–जगह ढह गई है। अन्य कोई विकल्प न होने के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। इससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कह इस संबंध में वे कई बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन सड़क सुधारीकरण को लेकर कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे ग्रामीणों को संग लेकर उग्र आंदोलन करेंगे। (एजेंसी)

# थरकोट झील का 99 प्रतिशत कार्य पूरा, पर्यटन विकास के सपने होगें साकार

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ में थरकोट झील का सपना आकार लेने लगा है। झील का 99 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। समिति ने कहा इस झील के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन विकास के सपने साकार होंगे। वर्ष 1989 में विण विकासखंड की बीडीसी बैठक में झील निर्माण का प्रस्ताव तत्कालीन उप प्रमुख राजेंद्र भट्ट ने रखा था। जिसे सर्वसम्मति से सदन ने पास किया था। वर्ष 1998 में अविभाजित यूपी में इस झील के निर्माण के लिए 14 लाख 93 हजार की धनराशि सिचाई विभाग को अवमुक्त हुई। राज्य आंदोलनकारी भट्ट ने बताया इसके बाद उनके व लक्ष्मी भट्ट के नेतृत्व में एक संघर्ष समिति बनाई गयी। वर्ष 2005 में उनकी पहल पर ही सीएम एनडी तिवारी से धारचूला एनएचपीसी के एक कार्यक्रम के दौरान झील निर्माण के लिए 40 लाख की घोषणा की। कहा वर्ष 2007 में तत्कालीन सरकार ने इसका शिलान्यास धमौड़ में करा दिया। लंबे समय से थरकोट झील का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। सीमांत जनपद की पहली झील बनकर तैयार हो गई है।

आगामी 31 जनवरी तक इस झील में पानी भरने का दावा किया जा रहा है। इस झील के अस्तित्व में आने से जहां पर्यटकों को एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन मिलेगा। वहीं सिचाई और पेयजल की किल्लत भी दूर होगी। पिथौरागढ़-घाट एनएच स्थित थरकोट क्षेत्र में एक दशक से झील निर्माण की कवायद चल रही है। करीब 32 करोड़ की लागत से बनाई जा रही थरकोट झील 750 मीटर लंबी, 53 मीटर चौड़ी और 15 मीटर गहरी होगी। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में झील का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क सुरक्षा के लिए कार्य होना शेष है। वह भी आगामी तीन से चार दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। आगामी 31 जनवरी तक झील में पानी भरने की योजना है। इसके साथ ही सीमांत के लोगों को अपनी पहली झील मिल जाएगी। सिंचाई विभाग के एई प्रकाश पुनेठा ने बताया कि थरकोट झील का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में एनएच की सुरक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। तीन से चार दिन के भीतर यह कार्य भी संपन्न हो जाएगा। आगामी 31 जनवरी तक झील में पानी भर दिया जाएगा। (एजेंसी)

### सीमांत में पर्यटन को लगेंगे पंख

थरकोट झील का निर्माण सीमांत में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सालों से लोग इसके निर्माण की मांग को लेकर प्रयासरत हैं। अब जब थरकोट झील धरातल में साकार होने जा रही है तो लोगों की उम्मीदें है कि इससे सीमांत में पर्यटन गतिविधियों को पंख लगेंगे।

# ग्रामीणों ने सड़क के लिए जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

बागेश्वर : सड़क के लिए गांजली के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। चार साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार पर मनमानी के आरोप लगाए। साथ ही विभाग पर ऐसे लोगों को सह देने का आरोप मढ़ा है। डीएम से मामले की जांच कर सड़क निर्माण पूरा करने की मांग की है। ग्राम प्रधान बालकृष्ण पांडे के नेतृत्व में गांजली के ग्रामीण मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि करुली–बैंड–गांजली-बिजोरिया मोटर मार्ग का प्रथम चरण का कार्य 14 अगसत 2019




से शुरू हुआ। चार साल बीत जाने के बाद भी पांच किमी सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने 2022 विधानसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया था। बाद में आयोग तथा लोनिवि के अधिकारी गांव पहुंचे। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

चम्पावत : टनकपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ने दो फरियादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। मंगलवार को एसडीएम सुंदर सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दो फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिनका एसडीएम ने तुरंत मौके पर ही निस्तारण किया। कार्की फार्म निवासी सुरेश सिंह ने नई पेयजल लाइन का निर्माण करने और वार्ड नौ निवासी राजेंद्र कुमार ने गली में पड़ोसी के फर्नीचर का कार्य रोके जाने की मांग की। यहां तहसीलदार पिंकी आर्या, सीएमएस घनश्याम तिवारी, सिंचाई विभाग के एसडीओ आरके यादव, जेई वसीम जावेद अली, चल्थी पशु चिकित्साधिकारी प्रिति बिष्ट, नलकूप विभाग के एई बीएल गंगवार, श्रम निरीक्षक मीनाक्षी भट्ट आदि रहे। (एजेंसी)

# प्रदेश में यूपी की तर्ज पर बने उद्योग नीति

काशीपुर। उद्यमियों ने यूपी की तर्ज पर उद्योग नीति बनाने, प्रदेश में सोलर पॉलिसी लागू कर इंफास्ट्रेक्चर मजबूत करने की मांग की। कहा उद्योगों में लगातार हो रहे पावर कट से उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में उद्योग प्रदेश से पलायन भी कर सकते हैं। मंगलवार को बाजपुर रोड स्थित एक होटल में उद्यमियों की बैठक हुई। उद्यमी योगेश जिंदल ने कहा कि प्रदेश में इंफास्ट्रचर का विकास होना जरूरी है। शहर में आरओबी पांच साल से बन रहा है। जिससे उद्योगों के साथ ही व्यापार को भी नुकसान हो रहा है। यदि बाहरी उद्यमियों को यदि प्रदेश में निवेश कराना है तो इंफास्ट्रेचर मजबूत करना होगा। कहा कोरोना काल में महाराष्ट्र से काफी मजदूर वापस आये। यूपी ने इसे चैलेंज के रूप में लिया और रोजगार उपलब्ध कराया। उद्योग नीति न होने, इंफास्ट्रक्चर मजबूत न होने और लगातार बिजली कटौती होने के कारण उद्योग बंदी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा सोलर की ऐसी पॉलिसी आनी चाहिए, जिससे कि प्रदेश में क्रांति आये। अनुराग ने कहा कि उद्योगों में रोस्टिंग से ज्यादा दिक्कत ट्रिपिंग की है। ट्रिपिंग पांच मिनट की होती है, लेकिन प्लांट चालू करने में एक से डेढ़ घंटा लग जाता है। जिससे प्रोडेक्शन लॉस आ रहा है। कहा सरकार हर चीज में यूपी की नकल कर रहा है, इंडस्ट्री में कोई नकल नहीं कर रहा। यदि यूपी की तर्ज पर उद्योग नीति आएगी तो अच्छा राजस्व और रोजगार मिलेगा। राजीव घई ने कहा प्रदेश की उद्योग नीति न होने के कारण जो उद्योग बाहर से आये थे वह वापस जा रहे हैं और दूसरों को भी साथ ले जा रहे हैं। देवेंद्र दल ने कहा देश या राष्ट्र के हर नागरिक की हर इकाई मजबूत नहीं होगी तो विकास को गति नहीं मिल पाएगी। कहा बिना ऊर्जा के मानव और उद्योग निर्जीव हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2003 में प्रदेश की पहली औद्योगिक नीति आई। उसके बाद कोई नीति नहीं बनाई गई। यूपी ने जो भी काम किया है वह प्लानिंग के तहत किया है। पवन अग्रवाल ने कहा प्रदेश में सोलर पॉलिसी, यूपी की तर्ज पर उद्योग नीति, बिजलीकटौती बंद करने, इंफास्ट्रेक्चर और प्रत्यावेदन पर समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए।

# सुप्रिया ने 15 हजार तो सतेन्द्र ने जीता 21 हजार का नगद पुरस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड रिखणीखाल क्षेत्र अंर्तगत कलवाडी में केशर सिंह नेगी की प्रथम स्मृति में हाफ मैराथन दौड़ पांच किलोमीटर बालिका वर्ग में बीरोंखाल की सुप्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 15 हजार रुपये और बालक वर्ग दस किलोमीटर दौड़ में नैनीडांडा के सतेन्द्र सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर 21 हजार रूपये का पुरस्कार जीता है।

हाफ मैराथन दौड़ में पांच विकासखडों रिखणीखाल, बीरोंखाल, नैनीडांडा, पोखड़ा, जहरीखाल के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 15 जनवरी से कलवाड़ी में स्व. केशर सिहं नेगी के पुत्र विक्रम सिंह नेगी मुख्य आयोजन कर्ता ने बताया कि पहाड़ों में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर साल ग्राम सभा कलवाड़ी में हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन करते रहेंगे। बालिका वर्ग में बीरोंखाल धोवीघाट की सुप्रिया ने पांच किलोमीटर दौड़ में प्रथम, सविता कलवाड़ी द्वितीय, ललिता कठूड़ तृतीय, सपना उनेरी चतुर्थ स्थान पर रहे। बालक वर्ग में दस किलोमीटर दौड़ में सतेन्द्र सिंह तोलीडांडा नैनीडांडा प्रथम, हिमांशु कठूड़ द्वितीय, नीरज बड़खेत तृतीय, करन नाकुरी चतुर्थ स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रधान कलवाड़ी नेत्र सिंह रावत, भाजपा राज्य मंत्री हरेन्द्र पाल सिंह नेगी, विजयराज सिहं नेगी, सुखपाल सिहं नेगी, हरेन्द्र सिंह, कलवाड़ी यूथ कल्व के शिव सिंह रावत, अनिल हेमदानी, संदीप नेगी, धमेंद्र नेगी, महिला मंगल दल अध्यक्ष कलवाड़ी शंकुन्तला देवी आदि ने सभी प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरित किए।

# एनटाईटी के स्थाई कैंपस की स्वीकृति : प्रो. अवस्थी

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर की बीओजी (बोर्ड ऑफ गर्वनेंस) की बैठक में संस्थान के श्रीनगर कैंपस को स्थाई कैंपस की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही भविष्य में एनआईटी के दो कैंपस सुमाड़ी व श्रीनगर वजूद में आ जाएंगे। सुमाड़ी में 68 एकड़ भूमि पर स्थाई कैंपस का निर्माण होना प्रस्तावित है। जिसमें प्रथम चरण में 1260 छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल, डिपार्टमेंट, प्लेग्राउंड का निर्माण किया जाएगा। एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनआईटी के सुमाड़ी कैंपस के लिए टेंडर हो गया है। इसका तकनीकी मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। इसकी फाइनेंसियल बिट जल्द खुलेगी। जिसके बाद कंस्ट्रक्शन का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीनगर कैंपस एप्रोचेबल है। इसे छात्रावास, स्टार्टअप इको सिस्टम व ट्रेनिंग प्लेसमेंट के तौर पर विकासित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनआईटी उत्तराखंड में कुलसचिव का पद रिक्त हैं। साथ ही 32 नॉन टीचिंग व 16 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा दो माह के 48 पदों पर नियुक्तियां हो जाएंगी। कहा वर्तमान में इन पदों के लिए मांगे गए आवेदनों की स्क्रूटनी की जा रही है। (एजेंसी)

# सरकार जोशीमठ का ट्रीटमेंट करें : शंकराचार्य

श्रीनगर गढ़वाल : ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि जोशीमठ को बचाने के लिए आध्यात्मिक एवं धर्मशास्त्र विधा से बचाने का उपाय किया जा रहा है।

कहा इसके लिए जोशीमठ में धार्मिक अनुष्ठान (जोशीमठ रक्षा महायज्ञ) का शुभारंभ कर दिया गया है। जोशीमठ की जनता कहीं नहीं जाना चाहती है। वह जोशीमठ में ही रहना चाहते हैं। इसलिए सरकार को जोशीमठ का ट्रीटमेंट करना चाहिए। कुछ व्यापारी वर्ग ही विभिन्न कारणों से वन टाइम सेटलमेंट की बात कर रहा है।

श्रीनगर में सामाजिक कार्यकर्ता भोपाल सिंह चौधरी के आवास पर ठहरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि अनियोजित विकास से उत्तराखंड में ऐसे हालात पैदा हो रहे हैं। कहा अनियोजित विकास विनाश को आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के लोगों की समस्या को लेकर वह सुप्रीम कोर्ट गए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नैनीताल हाईकोर्ट में भी यह मामला होने की बात कही है। कहा उन्होंने नैनीताल हाईकोर्ट से इस मामले की सुनवाई करने का अनुरोध किया है। कहा ज्योर्तिमठ एक विचार है, संदेश है वह बना रहेगा। भवन में दरार आएगी तो दूसरा बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को जोशीमठ के प्रभावित लोगों के विस्थापन के लिए ठोस नीति घोषित करनी चाहिए। कहा जो रूकना चाहते हैं उनके संरक्षण के लिए उपाय होने चाहिए। जिससे लोग एक रास्ता पकड़ सकें। उन्होंने कहा कि नया जोशीमठ बसाना पड़ेगा यह सोचना जल्दबाजी होगा। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि लोगों को राहत शिविर में जाने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन शिविर उसी क्षेत्र में हैं जहां समस्या है तो ऐसे में बचाव कैसे होगा। केवल कागज पर लाने के लिए यह सब हो रहा है। मौके पर कमलेश्वर महादेव मंदिर के मंहत आशुतोष पुरी, भोपाल चौधरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# प्रांतीय रक्षक दल के जिलाध्यक्ष बनें भरत भैरवाण



रुद्रप्रयाग : प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जिला कार्यकारिणी गठित कर भरत भैरवाण जिला अध्यक्ष एवं चंद्रमोहन जिला महामंत्री बनाए गए। इस मौके पर नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पीआरडी जवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। प्रदेश प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मंद्रवाल द्वारा जिला कार्यकारिणी को भंग करने के बाद जिला प्रांतीय रक्षक दल की एक आम बैठक सदस्य सपरी लाल की अध्यक्षता में आहुत की गई, जिसमें सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई। अगस्त्यमुनि में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष निर्विरोध भरत भैरवाण, उपाध्यक्ष प्रेम भेंतवाल, महामंत्री चंद्रमोहन, सचिव केशव, सह सचिव जीतपाल, कोषाध्यक्ष सुनील भैरवाण, संगठन मंत्री बिजेंद्र नेगी, सह कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सह संगठन मंत्री दिगपाल सिंह, मीडिया प्रभारी सपरी लाल, जिला सलाहकार प्रकाश चंद्र कोटवाल, सक्रिय सदस्य दिनेश लाल, गजेंद्रकांत, मुकेश भट्ट, कुलदीप कुमार सहित 27 सदस्य निर्विरोध चुने गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवगठित कार्य कारिणी प्रांतीय रक्षक दल सभी पीआरडी जवानों के हितों के लिए निष्पक्ष कार्य करता रहेगा। (एजेंसी)

## भाजपा 2024 में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी

श्रीनगर गढ़वाल : बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिला अध्यक्ष सुषमा रावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के राष्ट्रीय नेतृत्व में भाजपा 2024 में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

श्रीनगर विधानसभा के विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल में कई प्रदेशों में सरकार आने के साथ-साथ उन्होंने संगठन को भी आगे बढ़ाने का काम किया है।



# प्रभारी मंत्री ने किया हल्दापानी का निरीक्षण

चमोली : शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गोपेश्वर के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र हल्द्वापानी का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है और भूस्खलन क्षेत्र का जल्द ही ट्रीटमेंट कार्य शुरू कराया जा रहा है। इसके लिए सरकार ने धनराशि भी अवमुक्त कर दी है। प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका कर्णप्रयाग में भी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष गजेन्द्र रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# रुद्रनाथ महोत्सव की गीत संध्या प्रीतम भरतवाण के नाम रही

रुद्रप्रयाग : गुलाबराय मैदान में नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग के सहयोग से चल रहा पांच दिवसीय मेला पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर अंतिम गीत संध्या लोक गायक जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण और प्रशांत डोभाल के नाम रही। मुख्यालय स्थित गुलाबराय मैदान में आयोजित रुद्रनाथ महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि हंस फाउंडेशन के प्रबंधक प्रमेन्द्र बिष्ट ने कहा कि मेले हमें पौराणिक संस्कृति के संरक्षण का अवसर देते हैं। इसलिए इनका नियमित आयोजन होना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष गीता झिंक्वाण ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न और शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। उन्होंने मेले के सफल संचालन के लिए नगर पालिका सभासद, कर्मचारियों एवं नगरवासियों का आभार जताया। इस मौके पर विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। स्थानीय कलाकार प्रशांत डोभाल एवं साथी कलाकारों को शानदार प्रस्तुति पर सम्मानित किया गया। इसके बाद गायक प्रीतम भरतवाण एवं उनके साथ आए कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जागर सम्राट भरतवाण ने नरसिंहा जागर से कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने मां राजेश्वरी जागर, माहेश्वरी जागर, सुरमा मिजाज, भाना प्यारी बचना, राजुली, मैं जांदौ मेरी बंसती, मेरी बिजोरा, बिंदुली आदि गीतों से समां बांधे रखा। पांच दिवसीय मेले का लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रमों का नियमित संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अशोक चौधरी एवं सुनीता सेमवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संजय दरमोडा, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, विजय कप्रवान, जगदंबा बेंजवाल, चन्द्रमोहन सेमवाल, पूर्व दायित्वधारी देवेन्द्र झिंक्वाण, सभासद सुरेन्द्र रावत, सभासद अंकुर खन्ना, उमा देवी, अमरा देवी, सुनील नौटियाल, ईओ सुशील कुमार कुरील सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## ऊखीमठ की बीडीसी बैठक 28 को

रूद्रप्रयाग : क्षेत्र पंचायत ऊखीमठ की बैठक क्षेत्र पंचायत प्रमुख श्रीमती श्वेता पांडेय की अध्यक्षता में 28 जनवरी को आयोजित होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ दिनेश मैठाणी ने अवगत कराया कि विकासखंड सभागार में 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से क्षेत्र पंचायत ऊखीमठ की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में विभागवार कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन व पुष्टि भी की जाएगी।

## छात्रों को स्वेटर और जूते बांटे

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बादशाहीथौल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दिल्ली के गैर सरकारी संगठनों सोशल इंवेस्टिंग और साईं संस्कार फाउंडेशन ने गर्म स्वेटर और जूते दिये। संस्था के प्रतिनिधियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद डोभाल को उक्त सामग्री भेंट करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पहाड़ी क्षेत्रों में भीषण सर्दी पड़ रही है, ऐसे में सरकारी स्कूलों में पड़ने वाले गरीब बच्चों की मदद के लिए उनकी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। छात्रों,अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने सोशल इंवेस्टिंग के प्रतिनिधि सिद्धार्थ सब्बरवाल और साई संस्कार फाउंडेशन के तुषार मदान का आभार जताया है। बताया कि उक्त संस्था ने विद्यालय के पूर्व शिक्षक मनोज किशोर बहुगुणा के अनुरोध पर यह कार्य किया है। (एजेंसी)

# पुलिस ने रैली निकालकर किया यातायात नियमों को लेकर जागरूक




रुद्रप्रयाग : सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। जनता को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अफसरों की मौजूदगी में गुलाबराय से पेट्रोल पंप तक जागरूकता रैली में एनाउंसमेंट कर जनता को सजग किया गया। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशों पर गुलाबराय मैदान में पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन के नेतृत्व में पुलिस, यातायात पुलिस और पीएसी के अधिकारी एवं जवानों ने रैली निकाली। विभिन्न स्थानों पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए यातायात के नियमों का पालन करने को कहा गया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जानकारी दी। नियमित हेलमेट पहनना, तेज रफ्तार में वाहन न चलाना, ओवरलोडिंग न करना, ओवरटेक न करना, शराब पीकर वाहन न चलाना आदि को लेकर सजग किया गया। इधर, इसके बाद पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। कई जगहों पर पुलिस द्वारा नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन, कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी सहित कई पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। (एजेंसी)

# डीएम ने दी रैन बसरे में सुविधाएं बढ़ाने की हिदायत

नई टिहरी : डीएम डा. सौरभ गहरवार ने चंबा में श्री देव सुमन पालिका सभागार में स्थापित रैन बसरे का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने रैन बसेरे में सुविधाएं बढ़ाने की हिदायत देते हुए कहा कि ठंड में कोई भी जरूरतमंद बाहर न रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रैन बसेरा में ठहरने वालों की जानकारी लेने के साथ ही पंजिका रजिस्टर चेक किया। रैन बसेरे में लगाए गए बेड, बिस्तर, शौचालय, बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम ने रैन बसेरे में की गई व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान ही डीएम ने पालिका कार्यालय कक्षों एवं स्टोर का निरीक्षण भी किया। एसडीएम टिहरी को स्टोर का सारा सामान दो दिन के अंदर हटवाकर वहां और बेड लगवाने के निर्देश के दिए। रैन बसेरे में अतिरिक्त गद्दे, तकिए और कंबल रखना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीतकाल में कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो और खुले में न रहे। डीएम ने पालिका के अलाव जलाये जा रहे सार्वजनिक स्थलों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अपूर्वा सिंह, नगर परियोजना प्रबंधक शहरी विकास अरविन्द जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच आवश्यक : डॉ. कंसल

रुड़की। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर सिविल अस्पताल में प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने कहा कि जच्चा बच्चा की सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच कराना आवश्यक है। सिविल अस्पताल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर सीएमएस डॉ. कंसल ने कहा कि प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। इसके लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह भी अच्छी बात है कि गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य के लिए अब महिलाएं पहले से ज्यादा जागरूक हैं। गर्भवती महिला को पौष्टिक आहार लेना चाहिए। मास्टर ट्रेनर डॉ. श्रुति तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम गर्भवती को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। प्रसव पूर्व जांच न होने से उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान नहीं हो पाती। इससे प्रसव के दौरान जटिलता की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने बताया इस अभियान की सहायता से प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है। जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता में काफी कमी आती है। मास्टर ट्रेनर डॉ. रुखसार ने कहा कि प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती है। गर्भावस्था के दौरान हाई बीपी, शुगर ज्यादा या कम, वजन, बहुत अधिक खून की कमी प्रसव संबंधित जटिलता को बढ़ा सकता है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत निकाली जागरूकता रैली

चमोली : चमोली पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के साथ मिलकर गोपेश्वर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिविल जज सिमरन जीत कौर, एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्र, परिवहन कर अधिकारी दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक गोपेश्वर थाना राजेन्द्र सिंह रौतेला, प्रभारी एएनटीएफ नवनीत भंडारी ने जनता और स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी। (एजेंसी)

# भारत विकास परिषद ने लगाए वाहनों पर रिफ्लेक्टर



रुड़की। भारत विकास परिषद की अविरल गंगा शाखा ने कोहरे को देखते हुए बुग्गियों, ट्रकों, ट्रैक्टरों और अन्य भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। करीब 275 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। कार्यक्रम डॉ. सुशील नागर के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला, आरटीओ प्रशासन एल्विन रॉक्सी ने किया।

शाखा अध्यक्ष इंजीनियर नीरज मित्तल ने बताया कि हर साल शाखा इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है। शाखा संरक्षक डॉ. सत्येंद्र मित्तल के नेतृत्व में यह कार्य किया गया।

कार्यक्रम में नवनीत वर्मा, सुगंध जैन, नीलम मधोक, रीति वर्मा, दिनेश सैनी, अनिल माहेश्वरी, सुनील जैन, सतीश जैन, ममता गुप्ता, दीपाली सिंगल, नीता मित्तल, अरुणा मित्तल, डॉक्टर रूबी नागर आदि मौजूद रहे।

# आदिबदरी में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

चमोली : आदिबदरी सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास मेले के तीसरे दिन स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं महाभिषेक समारोह के दौरान आयोजित कथा श्रवण के लिए यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंगलवार को मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय नगली, जीआईसी आदिबदरी, एसजीआरआर आदिबदरी, प्राइमरी स्कूली आदिबदरी, जूनियर हाईस्कूल नगली, प्राथमिक विद्यालय खाल, एवं प्राथमिक विद्यालय जैम के बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुतियां दी। वहीं दूसरी ओर गढ़वाल राइफल के कीर्तन मंडल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक आचार्य रोहित मैखुरी ने श्रद्धालुओं को सत्कर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि महाभिषेक समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बलवंत भंडारी, नरेंद्र चाकर, विजय चमोला, बीरेंद्र भंडारी, भलसों के प्रधान नवीन खंडूड़ी, मायाराम बहुगुणा, कुंवर कठैत, चक्रधर थपलियाल, राजेंद्र प्रसाद चमोला, बसंत शाह, विनोद शाह, मदन नेगी सहित जुलगढ़, कुमखोड़, खाल, ताल, तलसारी, स्यालकोट, सुगड़, रंडोली, पज्याणा, तोप, सेम, थापली, सिलपाटा आदि गांवों के ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

## स्व. सत्येंद्र को शहीद का दर्जा दिया जाए

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के लामकोट गांव की ग्राम प्रधान रीता देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दैनिक वन श्रमिक स्व. सत्येंद्र पंवार को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि बीते वर्ष 24 जून को जिला मुख्यालय के जंगल में लगी आग को बुझाते समय वन विभाग के दैनिक श्रमिक सत्येंद्र पंवार की मौत हो गई थी। लिहाजा ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधि स्व. सत्येंद्र को शहीद का दर्जा दिये जाने की मांग करते हैं।

# देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग ने जीते वालीबॉल मैच



रुद्रप्रयाग : स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि में खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरूष ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी पहले दौर के अनेक मुकाबले खेले गए। देहरादून का मुकाबला पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर का उत्तरकाशी, चमोली का बागेश्वर, चम्पावत का पौड़ी और रुद्रप्रयाग का हल्द्वानी से हुआ। देहरादून और पिथौरागढ़ के बीच हुए मुकाबले में देहरादून ने 25-12, 25-20 से जीत हासिल की। ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी के बीच खेले गए मुकाबले में उत्तरकाशी ने 25-18, 21-25, 15-13 से जीत हासिल की। जबकि चमोली ने बागेश्वर को सीधे सेटों में 25-18, 25-14 से हराया। चम्पावत ने पौड़ी को 25-29, 22-25, 15-05 से हराया। मेजवान रुद्रप्रयाग ने हल्द्वानी को 25-21,18-25, 15-11 से हराया। प्रतियोगिता में महेन्द्र कंडारी, ईश्वर चन्द्र अवस्थी, नागेन्द्र कण्डारी, भगत गुसाईं ने निर्णायक तथा मनमोहन भट्ट एवं विपिन रावत ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला क्रीड़ाधिकारी महेशी आर्य, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीएस राणा, कबड्डी एसोसियेशन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रौथाण, वालीबॉल एसोसिएशन के पूर्व सचिव आलमसिंह नेगी, सांसद प्रतिनिधि श्रीनन्द जमलोकी, प्रशिक्षक मनोज चौहान, दीपक रावत, मनवर नेगी, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी, अजीत बर्त्वाल सहित विभिन्न टीम कोच, मैनेजर एवं प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# किस किस का जिक्र कीजिए?

यह सिर्फ वर्ष 2022 की बात नहीं है, हर साल की बात है। भारत वह देश है जिसे किसी बात से फर्क नहीं पड़ता। साल आते हैं चले जाते हैं। दुनिया एक कदम आगे बढ़ती है, हम जहां खड़े हैं वहीं कदमताल करते हैं या पीटे चले जाते हैं। किसी को कोई चिंता नहीं होती। हाल में फुटबल का विश्व कप हुआ। दुनिया की 32 श्रेष्ठ टीमों ने उसमें हिस्सा लिया। हम कभी उसका हिस्सा नहीं रहे हैं लेकिन कोई बात नहीं है। अगली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें एशिया की आठ टीमें होंगी। तब भी नहीं पहुंचे तो कोई बात नहीं है। दुनिया की दूसरी टीमों को खेलते देख कर तालियां बजाएंगे। हकी हमारा राष्ट्रीय खेल है लेकिन उसमें भी ओलंपिक का गोल्ड मेडल भारत ने 42 साल पहले 1980 में जीता था। वह भी तब जब रूस में हुए ओलंपिक आयोजन का पश्चिम के कई देशों ने बहिष्कार किया था। सोचें, 1928 से 1956 तक लगातार छह गोल्ड मेडल जीतने वाला देश 42 साल से गोल्ड नहीं जीत सका। लेकिन किसको क्या फर्क पड़ता है। हलीवुड की फिल्म श्अवतार भारत में धूम मचा रही है। भारत की किसी भी भाषा में बनी किसी फिल्म से ज्यादा कमाई हो रही है। लेकिनहम गर्व से विदेशीफिल्म की कमाई के आंकड़े शेयर कर रहे हैं। हमें इस बात की परवाह नहीं होती कि हम क्यों नहीं ऐसी फिल्में बनाते हैं! हमारे कथित शो मैन क्यों ग्रैंड फिल्मों के नाम पर भोंडी फिल्में बनाते हैं, इसकी भी हमें चिंता नहीं। श्अवतार देखते हुए हम इस बात को लेकर आंदोलित रहते हैं कि अमुक हिंदी फिल्म के अमुक गाने में हीरोइन ने भगवा रंग की बिकनी और हीरो ने हरे रंग की कमीज कैसे पहनी? भारत का फिल्म प्रमाणन बोर्ड तो ऐसा चिंता में रहता ही है। केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री भी इस चिंता में रहते हैं। उनकी चिंता देख कर करोड़ों लोग आश्वस्त होते हैं कि देखों उनके चुने हुए लोग उनके भले के लिए काम कर रहे हैं। विधर्मी उनकी भावनाओं को आहत नहीं कर पाएगें। हॉलीवुड में अस्कर की तैयारी चल रही है। हम इस बात से खुश हैं कि हमारे यहां की दो-तीन फिल्में शर्ट लिस्ट हुई हैं। लगभग सौ साल के इतिहास में भारत की सिर्फ चार फिल्में शर्टलिस्ट हो पाई हैं। लेकिन क्या फर्क पड़ता है। अभी नवंबर के महीने में नोबल पुरस्कारों की घोषणा हुई। हर साल की तरह इस साल भी भारत के किसी वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री, साहित्यकार का नाम उसमें नहीं था। आखिरी बार कोई 110 साल पहले भारत को साहित्य का नोबल मिला था। फिर कभी नहीं मिला। रविंद्रनाथ टैगोर हिंदुस्तान में रह कर नोबल हासिल करने वाले पहले व्यक्ति थे और दूसरे व्यक्ति चंद्रशेखर वेंकटरमन थे। इन दोनों को अपने ओरिजिनल काम के लिए नोबल मिला। वेंकटरमन को दुनिया रमन इफेक्ट के लिए जानती है। वे एशिया के पहले व्यक्ति थे, जिसे विज्ञान की किसी शाखा का नोबल मिला था। वह भी अंग्रेजों के राज में 1930 में। आजादी के बाद न किसी को साहित्य का नोबल मिला और न विज्ञान का। आजादी के बाद मदर टेरेसा और कैलाश सत्यार्थी ही ऐसे थे, जो भारत में रह कर काम कर रहे थे। बाकी जिनको भी नोबल मिला है वे सब विदेश में रह कर किसी विदेशी संस्था के लिए काम करते थे।

# भारत जोड़ो यात्रा के निहितार्थ

**कांग्रेस ने इस प्रस्ताव में यह पारित किया था कि भारत को तोड़ कर उसके एक हिस्से को, जिसे पुरानी किताबों में सप्त सिन्धु भी कहा जाता है, तोड़ कर पाकिस्तान नाम से नया देश बना दिया जाए। जब राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में मैंने सबसे पहले सुना तो मैं इसी भ्रम का शिकार हो गया था कि शायद वे जवाहर लाल नेहरू की इस ऐतिहासिक भूल का प्रायश्चित करने के लिए भारत को एक बार पुनरू जोडने के अभियान में निकले हैं। लेकिन यात्रा देख कर मुझे अपने इस भ्रम से निकलने में सहायता मिली। वे बीच बीच में चुनावों की बातें भी कर रहे हैं। उन्होंने इस यात्रा में अनेक पक्ष और अनेक विपक्ष निर्माण कर लिए हैं। दुर्भाग्य से उन्हें इस देश की आंतरिक एकता के सूत्र दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्हें ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा निर्मित त्रिम भेद ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। लेकिन इसमें उनका दोष नहीं है। आंतरिक एकता यानी भारत की आत्मा के दर्शन करने और उसे अनुभव करने के लिए भारतीय मानस का होना बहुत जरूरी है।**



**अजय दीक्षित**

राहुल गांधी पिछले कुछ समय से भारत को जोडने की तरकीबें जानने के लिए पैदल यात्रा पर निकले हुए हैं। उनका कहना है कि वे आम आदमी से मिल रहे हैं और उनसे उन्हें भारत जोडने के सूत्र मिल रहे हैं। शास्त्रों में लिखा है कि पर्यटन से ज्ञान बढ़ता है, बुद्धि विकसित होती है। महात्मा गांधी जी भी जब दक्षिणी अफ्रीका से वापिस आए थे तो उनके मन में भी देश के लिए कुछ करने की छटपटाहट थी। तब गोपाल ष्ण गोखले जी ने उनकी इस छटपटाहट की सराहना करते हुए कहा था कि देश के लिए कुछ करने से पहले देश को समझ लो। बात हैरान करने वाली जरूर थी। गांधी जी तो काठियावाड़ के ही रहने वाले थे। वे देश को जानते बूझते ही थे। तब गोखले ने ऐसा क्यों कहा? गोखले का कहना था कि यह देश बहुत बड़ा है और आंतरिक रूप से एक होते हुए भी बाहरी विभिन्नताओं से भरा पड़ा है। उन विभिन्नताओं को एक बार समझ लोगे तो उनके नीचे बह रही समग्र एकात्म अंतरधारा को भी अनुभव कर सकोगे। इसका तरीका क्या होगा? गोखले का कहना था देश भर में घूमने के लिए निकल पड़ो। बस, काम हो जाएगा। लेकिन यात्रा प्रायोजित नहीं होना चाहिए।

कांग्रेस ने इस प्रस्ताव में यह पारित किया था कि भारत को तोड़ कर उसके एक हिस्से को, जिसे पुरानी किताबों में सप्त सिन्धु भी कहा जाता है, तोड़ कर पाकिस्तान नाम से नया देश बना दिया जाए। जब राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में मैंने सबसे पहले सुना तो मैं इसी भ्रम का शिकार हो गया था कि शायद वे जवाहर लाल नेहरू की इस ऐतिहासिक भूल का प्रायश्चित करने के लिए भारत को एक बार पुनरू जोडने के अभियान में निकले हैं। लेकिन यात्रा देख कर मुझे अपने इस भ्रम से निकलने में सहायता मिली। वे बीच बीच में चुनावों की बातें भी कर रहे हैं। उन्होंने इस यात्रा में अनेक पक्ष और अनेक विपक्ष निर्माण कर लिए हैं। दुर्भाग्य से उन्हें इस देश की आंतरिक एकता के सूत्र दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्हें ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा निर्मित त्रिम भेद ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। लेकिन इसमें उनका दोष नहीं है। आंतरिक एकता यानी भारत की आत्मा के दर्शन करने और उसे अनुभव करने के लिए भारतीय मानस का होना बहुत जरूरी है। भारतीय मानस राजनीति में से निर्मित नहीं होता बल्कि वह यहां की आध्यात्मिक चेतना में से विकसित होता है। दुर्भाग्य से मोतीलाल से लेकर राहुल गांधी तक, ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के सिखाने पर, भारत की इसी आध्यात्मिक चेतना को साम्प्रदायिकता कह कर, उससे लडने का संकल्प दोहराते रहे। जो भारत की आंतरिक एकता के सूत्रों से लडने के लिए जूझ रहा हो, वह भारत को जोडने के नाम पर तोडने का काम करता है। राहुल गांधी इसको शायद न समझ पाएं क्योंकि इसे समझने के लिए देश की मिट्टी में खपना पड़ता है। लेकिन कांग्रेस के बुढ़ा रहे नेताओं की चिंता जरूर समझ में आती है।

अब तक गांधी-नेहरू परिवार की पीठ पर सवार होकर वे सत्ता के गलियारे में पहुंच जाते थे। लेकिन सात दशकों में गांधी-नेहरू परिवार के ऊपर से मुलम्मा उतर गया है। अब यह परिवार दूसरों को तो क्या, स्वयं ही अपने जोर पर सत्ता को टू लेने में कठिनाई अनुभव कर रहा है। लेकिन सलमान खुर्शीदों को तो अपनी चिंता है।

शायद लोग कंपकंपाती ठंड के इस मौसम में आधी बांह की कमीज पहन कर घूम रहे राहुल गांधी को साधक समझ लें और धोखा खा जाएं। इसीलिए वे चिल्ला कर गला हलकान किए हैं, मैं उनकी खड़ाऊँ लेकर आ गया हूँ, राम भी पीटे आ रहे हैं। इन्हीं लोगों ने अरसा पहले राहुल गांधी के गले में कमीज से ऊपर जनेऊ पहना देने का कांड भी किया था। इनका दरद समझ में आता है, लेकिन राहुल गांधी को सत्ता छिन जाने से छटपटा रहे इन कांग्रेसियों के ये सारे तांत्रिक प्रयोग अपने

शरीर पर करने पड़ रहे हैं। शायद उन्हें भी भ्रम हो गया है कि इन प्रयोगों से वे महात्मा मान लिए जाएँगे। एके एंटनी ज्यादा गहरे हैं। वे जानते हैं कि कांग्रेस हिन्दू मुसलमान के सन्तुलन में गड़बड़ा

गई है । इसलिए उन्होंने यात्रा में हो राहुल जी को संकेत दे दिया है। संतुलन ठीक रखिए। हिन्दुओं को इतना ज्यादा गरिवाइए नहीं अल्पसंख्यक यानि मुसलमान ईसाई ठीक हैं, लेकिन क्या उससे यात्रा पूरी हो सकती है क्या? थोड़ा संतुलन बनाइए। संतुलन बिगडने से ही तो जहाज डूबा है। अब यदि उसे निकालते समय भी संतुलन ठीक न किया तो बंटाधार नहीं हो जाएगा क्या? लेकिन शायद सुलेमान खुर्शीद एंटोनी की गहरी बात को ठीक से समझ नहीं पाए। केरल वालों की नब्ज पकड़ पाना क्या इतना आसान है? संतुलन बिठाने के चक्कर में सुलेमान खुशीद ने राहुल को ही राम बना दिया। लेकिन एंटोनी एक बात भूल गए। हिन्दुस्तान में हिन्दु- मुसलमान का यह खेल ब्रिटिश सरकार ने अपने हितों के लिए शुरू किया था। उन्होंने इस खेल में कांग्रेस को भी शामिल कर लिया खेल ठीक से जम सके, इसके लिए उन्होंने मुस्लिम लीग को रोबोट तैयार कर लिया। ये तीनों खिलाड़ी हिन्दु- मुस्लिम खेलते खेलते देश को हो तोड़ गए। अब एंटोनी फिर नए सिरे से हिन्दु-मुस्लिम खेलना चाहते हैं। उनका तो मानना है कि कांग्रेस पिछले कुछ समय से यह खेल ठोक तरीके से खेल नहीं पाई, इसी कारण कांग्रेस डूब रही है ।

# कैलोरी बर्न करने के लिए जगिंग की जगह ये 5 विकल्प अपनाएं, मिलेगा ज्यादा फायदा

अधिक कैलोरी बर्न करने के लिए सबसे अच्छा तरीका एक्सरसाइज करना माना जाता है। जगिंग भी एक तरह की एक्सरसाइज है, जिसमें व्यक्ति को धीमी गति में दौडना होता है। कुछ लोग ट्रेडमिल पर तो कुछ लोग पार्क में जगिंग करते नजर आते हैं। हालांकि, वजन कम करने के लिए यह एक्सरसाइज कभी-कभी बहुत थकाऊ भी हो जाती है। आइए आज कैलोरी बर्न करने के लिए जगिंग के पांच विकल्पों के बारे में जानते हैं।

**कैलोरी बर्न करने के लिए ट्रेडमिल पर दौडने या तेज धूप में पसीना बहाने की बजाय आप शरीर को ठंडे पानी में रखकर भी एक्सरसाइज कर सकते हैं। स्विमिंग एक बेहतरीन एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे एक साथ पूरे शरीर की एक्सरसाइज होती है। अध्ययनों के मुताबिक, अगर आप रोजाना एक घंटा स्विमिंग करते हैं तो इससे लगभग 510 कैलोरी कम हो जाती है और इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करना आसान हो जाता है। हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग एक तरह का कार्डियो वर्कआउट है, जिसे बहुत तेजी से किया जाता है। आधे घंटे तक इस वर्कआउट को करने से मेटाबलिज्म तेज होता है और यह 400 से 600 के बीच कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकता है।**

### साइकिल चलाना

साइकिल चलाना शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी को घटाने की सबसे कारगर एक्सरसाइज में से एक है। अध्ययनों से यह पता चला है कि रोजाना एक घंटा साइकिल चलाने से लगभग 590 कैलोरी बर्न होती है। आप जिम जाते वक्त साइकिल का इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे आपकी पैरों की एक्सरसाइज भी होती रहेगी। इसके अलावा साइकिलिंग करने से मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं और इससे घुटने और जोड़ों के दर्द से भी राहत मिलती है।

### किक-बक्सिंग

किक-बक्सिंग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसे रोजाना 60 मिनट करने से लगभग 900 कैलोरी बर्न की जा सकती है और जल्दी से वजन नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए आपको किक-बक्सिंग के दौरान तेजी से कूदने की जरूरत होती है। बेहतर परिणाम के लिए 10 मिनट की किक-बक्सिंग के बाद लगभग दो से तीन मिनट के लिए आराम करें और फिर दोबारा 10 मिनट तक किक-बक्सिंग करें।

### रस्सी कूदना

अगर आप जगिंग की जगह रोजाना रस्सी कूदते हैं तो इससे भी आप 1,074 कैलोरी बर्न कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको रोजाना कम से कम 60 मिनट तक रस्सी कूदनी होगी। इसके अतिरिक्त रोजाना रस्सी कूदने से हृदय के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर की तमाम मांसपेशियां बेहतर तरीके से काम करती हैं। इससे शरीर का संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

### स्विमिंग

कैलोरी बर्न करने के लिए ट्रेडमिल पर दौडने या तेज धूप में पसीना बहाने की बजाय आप शरीर को ठंडे पानी में रखकर भी एक्सरसाइज कर सकते हैं। स्विमिंग एक बेहतरीन एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे एक साथ पूरे शरीर की एक्सरसाइज होती है। अध्ययनों के मुताबिक, अगर आप रोजाना एक घंटा स्विमिंग करते हैं तो इससे लगभग 510 कैलोरी कम हो जाती है और इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करना आसान हो जाता है।

### हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग एक तरह का कार्डियो वर्कआउट है, जिसे बहुत तेजी से किया जाता है। आधे घंटे तक इस वर्कआउट को करने से मेटाबलिज्म तेज होता है और यह 400 से 600 के बीच कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकता है। इससे बढ़ते वजन को कम करना आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त यह मांसपेशियों को मजबूत करने के साथ-साथ ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के स्तर को नियंत्रित करने में भी काफी सहायक है।

# चीन में कोरोना नियंत्रित?

अब संकेत यह है कि जीरो-कोविड नीति हटने के बाद संक्रमण तेजी से फैला। लेकिन ओमिक्रोन के जिस सब-वैरिएंट से यह लहर आई, वह जानलेवा नहीं है। इस वजह से लोग बीमार पड़े, अस्पतालों में भीड़ लगी, लेकिन धीरे-धीरे लोग ठीक होने लगे।

चीन से अब आ रही खबरों से यह नहीं लगता कि कुछ समय पहले वहां कोरोना की लहर से तबाही की जैसी तस्वीर पश्चिमी मीडिया में ने बताई, उसमें दम था। अब संकेत यह है कि जीरो-कोविड नीति हटने के बाद संक्रमण तेजी से फैला। लेकिन ओमिक्रोन के जिस सब-वैरिएंट से यह लहर आई, वह जानलेवा नहीं है।

इस वजह से लोग बीमार पड़े, अस्पतालों में भीड़ लगी, लेकिन धीरे-धीरे लोग ठीक होने लगे। कुछ-कुछ वैसा ही, जैसा जनवरी 2022 में ओमिक्रोन लहर के समय भारत में हुआ था। अब चीन से शहरों में आम गतिविधियां शुरू होने और अर्थव्यवस्था में रफ्तार बढने की खबरें आ रही हैं। इस हफ्ते तीन साल बाद जैसे ही चीन ने विदेश यात्राओं पर लगे प्रतिबंधों में ढील दी, पासपोर्ट बनवाने और उन्हें अपडेट कराने वालों का तांता देखने को मिला। देश भर के इमिग्रेशन दफ्तरों के बाहर भारी भीड़ देखी गई है। सोमवार को चीनी पर्यटकों का पहला दल थाईलैंड पहुंचा। चीन की अर्थव्यवस्था खुलने का असर कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय बाजार पर भी देखने को मिला है। नीति में इस बदलाव का असर शेयर बाजारों में भी दिखा है।

निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि देश को फिर से खोलने से 17 खरब डलर की अर्थव्यवस्था में फिर से जान आ सकती है, जो इस वक्त दशकों की सबसे धीमी विकास दर से जूझ रही है। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान जिस नीति परिवर्तन ने खींचा है, वह क्वारंटीन जैसी अनिवार्यताओं को खत्म करना है।

अब तक नियम यह था कि विदेश से लौटने वालों को लंबे क्वारंटीन से गुजरना होता था। इसका तुरंत असर दिखा। जिस तरह अन्य देशों ने चीन से आने वाले लोगों के लिए दरवाजे खोले हैं, उससे भी नही लगता कि वे चीन में फैले संक्रमण से चिंतित हैं। ये खबर रविवार को ही आ गई थी कि दक्षिण कोरिया से चीन की उड़ानों की टिकट पूरी तरह बिक चुकी हैं। तो कुल मिला कर यह दुनिया के लिए अच्छी खबर है। इससे संकटग्रस्त होती विश्व अर्थव्यवस्था की कम से कम एक चिंता दूर होगी।

# समाज से कब धुलेगा गैरबराबरी का कलंक

**डा दर्शनी प्रिय**

प्रायः कहा जाता है एक औरत आगे बढ़ेगी तो समूचा परिवार, समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा।

स्त्री को केंद्र में रखकर गढ़ी गई इस उक्ति को समता, संतुलन समावेशीकरण के लिहाज से यदि सच मान भी लिया जाए तो गैरबराबरी का कलंक अब तक समाज के दामन से पूरी तरह धुल जाना चाहिए था पर ऐसा परिलक्षित नहीं होता। समाज में आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक और सामाजिक मोचरे पर भले ही महिलाओं को समान अधिकार देने की पैरोकारी की जाती रही हो, लेकिन वास्तविकता मीलों दूर है। हाल ही में ओडिशा की महिला क्रिकेटर के साथ हुई आत्महत्या की घटना इस विमर्श के आधार को और पुख्ता करती है।

**महिला क्रिकेटर राजश्री स्वाई की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से पर्ा में उपजे सवाल खेल के क्षेत्र में भेदभाव और अनियमितता के दावों को मजबूत करते हैं। राजश्री के पास मिले सुसाइड नोट में भेदभाव की बात लिखी है। साथी खिलाडियों का भी मानना है कि अंतिम रूप से चयनित खिलाडियों की सूची में नाम नहीं होने के चलते राजश्री बेहद तनाव में थी। राजश्री ने घर पर फोन कर कहा था कि वह अच्छा खेलती है उसे खुद पर विश्वास है फिर भी उसे मौका नहीं दिया जा रहा। बेहद दुखद और चौंकाने वाली इस घटना ने देश को हतप्रभ कर दिया है। सवाल है क्या ऐसे हालात एक दिन में उपजे हैं। जवाब है नहीं। जाहिर है इसके पीटे सैंकड़ों दिनों की भीषण मानसिक यंतण्रा, दमघोटू गलाकाट प्रतियोगिता, जीत का दबाव और प्रतिभा के साथ टेड़छाड़ जैसे बिंदू जिम्मेवार रहे हैं। हालात से संघर्ष कर, परिवार और समाज से खड़ी खोटी सुनकर बेटियां निषेध की परिधियों को लांघकर किसी तरह खुद को बाहर निकालती है और खेल जैसे क्षेत्र में स्थापित करने का साहस दिखा पाती है।**

महिला क्रिकेटर राजश्री स्वाई की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से पर्ा में उपजे सवाल खेल के क्षेत्र में भेदभाव और अनियमितता के दावों को मजबूत करते हैं। राजश्री के पास मिले सुसाइड नोट में भेदभाव की बात लिखी है। साथी खिलाडियों का भी मानना है कि अंतिम रूप से चयनित खिलाडियों की सूची में नाम नहीं होने के चलते राजश्री बेहद तनाव में थी। राजश्री ने घर पर फोन कर कहा था कि वह अच्छा खेलती है उसे खुद पर विश्वास है फिर भी उसे मौका नहीं दिया जा रहा। बेहद दुखद और चौंकाने वाली इस घटना ने देश को हतप्रभ कर दिया है। सवाल है क्या ऐसे हालात एक दिन में उपजे हैं। जवाब है नहीं। जाहिर है इसके पीटे सैंकड़ों दिनों की भीषण मानसिक यंतण्रा, दमघोटू गलाकाट प्रतियोगिता, जीत का दबाव और प्रतिभा के साथ टेड़छाड़ जैसे बिंदू जिम्मेवार रहे हैं। हालात से संघर्ष कर, परिवार और समाज से खड़ी खोटी सुनकर बेटियां निषेध की परिधियों को लांघकर किसी तरह खुद को बाहर निकालती है और खेल जैसे क्षेत्र में स्थापित करने का साहस दिखा पाती है। तिस पर भेदभाव, असमानता और गैर बराबरी का जहर उनके आत्मविश्वास को इस कदर क्षत-विक्षत करता है कि वे खुद की आत्महंता बन जाती है। राजश्री के मामले में भी यही हुआ है।

उपरोक्त घटनाएं इस बात की बानगी है कि देश में युवा प्रतिभाएं मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ रही है। असफलता, कॅरियर खराब होने का भय और परिवार समाज से दुत्कारने का डर उन्हें मौत के मुहाने तक खींच रहा है। समय आने पर ये तो ज्ञात हो जाएगा कि आत्महत्या की वजह क्या रही, लेकिन अब हमारे सतर्क होने का समय है। युवा खिलाडियों को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रशिक्षित किए जाने के साथ भावनात्मक सहयोग की भी जरूरत है। ऐसी चयन समितियों पर अंकुश लगाने के साथ जहां भेदभाव होते हो, हमें युवाओं को मानसिक रूप से जीवन के प्रत्येक हार जीत के लिए तैयार करना होगा। देश के प्रतिभाशाली खिलाडियों को आत्महंता बनने से रोकने और उन्हें एक सुरक्षित माहौल देने के लिए सभी खेल संस्थानों, संघों और प्राधिकरणों और चयन समिति को एकजुट होकर काम करना होगा। खिलाड़ी चाहे महिला हो या पुरु ष वे हमारी राष्ट्रीय संपदा है। उन्हें एक सुरक्षित और संस्कारित और समतापूर्ण माहौल में निखरने का अवसर मिलना ही चाहिए। मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उन्नयन एक स्वस्थ्य खेल परंपरा की पहली शर्त है अगर वही दूषित हो तो देश अंतरराष्ट्रीय स्तर के उम्दा खिलाड़ी कैसे तैयार कर सकेंगे। बदलाव की इस मुहिम में अभिभावक और खेल संस्थाओं को तटस्थ होकर सोचना होगा विशेषकर महिला खिलाडियों के पक्ष में क्योंकि उनकी राह बेहद मुश्किल भरी होती है।

# हैमस्ट्रिंग को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं ये 5 एक्सरसाइज



हैमस्ट्रिंग दोनों जांघों के पीटे मौजूद मांसपेशियों को कहा जाता है। ये मांसपेशियां कूल्हों से घुटनों तक के बीच होती हैं। अगर किसी कारणवश इन मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है तो इसके कारण तेज दर्द होने लगता है और चलने-फिरने से लेकर बैठने-उठने तक में समस्या होने लगती है। आइए हम आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो हैमस्ट्रिंग को खिंचाव आदि से सुरक्षित रखते हुए मजबूती देने में मदद कर सकती हैं।

### रिवर्स प्लैंक एक्सरसाइज

इस प्लैंक एक्सरसाइज के लिए जमीन पर पैरों को फैलाकर बैठ जाएं, फिर अपने दोनों हाथों को पीठ के पीटे ले जाएं और हथेलियों को जमीन पर रखें। इसके बाद सामान्य सांस लेते रहें और अपने शरीर को पीटे की ओर करते हुए शरीर को अपनी क्षमतानुसार उठाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को भी पीटे की ओर झुकाएं और अपने तलवों को जमीन से सटाएं। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

### गुड मर्निंग एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर अपने पैरों को थोड़ा खोलकर खड़े हो जाएं और अपने हाथों को अपने कानों पर रखें। अब अपने घुटनों को थोड़ा मोड़कर आगे की ओर झुकें। जब तक आप फर्श के समानांतर न हों तब तक अपने सिर को नीचे करके रखें। प्रारंभिक स्थिति में वापस आने के लिए धीरे-धीरे अपने शरीर को सीधा करें। आप चाहें तो इस एक्सरसाइज को करते समय अपनी पीठ पर एक बारबेल भी रख सकते हैं।

### स्क्वाट एक्सरसाइज

सबसे पहले अपने दोनों हाथ सामने की ओर खोलकर सीधे खड़े हो जाएं। अब धीरे-धीरे अपने घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जिस तरह से कुर्सी पर बैठा जाता है। इसके बाद सांस भरते हुए धीरे-धीरे नीचे झुकें और फिर ऊपर आते समय सांस छोड़ें। ऐसा आप 10 मिनट तक कर सकते हैं। शुरूआत में 10 स्क्वाट करें और फिर धीरे-धीरे 12-15 तक ले जाएं।

### सिंगल लेग ब्रिज एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेटें और अपने एक घुटने को इस प्रकार मोड़ें कि तलवा जमीन से सट जाएं। अब धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए अपने दूसरे पैर और शरीर को ऊपर उठाएं और ध्यान रखें कि इस दौरान शरीर का वजन दूसरे पैर पर रहें। धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं, फिर इसी प्रक्रिया को दूसरे पैर से दोहराएं और ऐसा लगभग 10 बार करें।

### बारबेल हिप थ्रस्ट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज के लिए अपने पैरों को जमीन पर रखें और अपनी पीठ को किसी बैंच के सहारे टिकाएं। अब बारबेल को जांघों के ऊपरी जोड़ के पास रखें और पीठ को सीधा रखते हुए इतना नीचे होएं कि थाइज और पेट के बीच 45 डिग्री का कोण बने। इसके बाद बारबेल को ऊपर की ओर उठाते हुए जांघ और पेट को एक सीध में होने तक उठाएं और फिर से नीचे जाएं। इस प्रक्रिया को 20-25 सेकंड तक दोहराएं।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी से भाजपा की शुरू राजनीति

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिन की बैठक 16 को शुरु होकर 17 जनवरी को भी नई दिल्ली में एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में होगी। इस बैठक के बाद पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाएगी। इस बैठक में भाजपा कई बड़े फैसले करेगी, जो अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रख कर होगी। सबसे बड़ा फैसला तो अध्यक्ष का होगा। जेपी नड्डा के कार्यकाल का विस्तार किया जाएगा। हालांकि यह तय नहीं है कि उनको तीन साल का पूरा कार्यकाल मिलेगा या अगले लोकसभा चुनाव तक उनके कार्यकाल का विस्तार होगा। ध्यान रहे पार्टी के संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष के कार्यकाल का विस्तार करने का अधिकार है।

अध्यक्ष के कार्यकाल के विस्तार के बाद दूसरा बड़ा फैसला यह होना है कि प्रदेश में संगठन के चुनाव होंगे या नहीं। बताया जा रहा है कि पार्टी संगठन चुनाव को अगले साल लोकसभा तक टाल सकती है। फिर सभी राज्यों में तदर्थ व्यवस्था काम करेगी और अगले साल के चुनाव के लिहाज से जहां ज्यादा जरूरत होगी वहां अध्यक्ष बदला जाएगा। ध्यान रहे बिहार में अध्यक्ष संजय जायसवाल का कार्यकाल पूरा भी हो गया है और राज्य में जदयू से तालमेल टूटने के बाद पार्टी को नए अध्यक्ष की जरूरत भी है। इसी तरह झारखंड में भी अध्यक्ष दीपक प्रकाश का कार्यकाल पूरा हो गया। दिल्ली में पार्टी को पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करना है। नगर निगम चुनाव में भाजपा के हारने के बाद आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था और उनकी जगह वीरेंद्र सचदेवा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। कर्नाटक में नलिन कुमार कतिल और राजस्थान में सतीश पुनिया को बदले जाने की चर्चा थी लेकिन कर्नाटक में तीन महीने में चुनाव है तो राजस्थान में भी इस साल के अंत में चुनाव होना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यों में अध्यक्ष व संगठन का फैसला करने के बाद पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगेगी। हर केंद्रीय मंत्री के जिम्मे तीन या चार लोकसभा सीट देकर उनको वहां का दौरा करने को कहा गया है।

# श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण सीरीज से हुए बाहर



नई दिल्ली, भारत और न्यूजीलैंडके बीच 18 जनवरी से पहले वनडे के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज का आगाज होगा।

इस सीरीज के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले 16 जनवरी को भारतीय टीम और फैंस को बड़ा झटका लगा। बता दें कि टीम के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पहली बार रजत पाटीदार को टीम इंडिया में जगह दी गई है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं कौन है रजत पाटीदार जिन्हें अय्यर की जगह भारतीय टीम में जगह मिली है। दरअसल, भारतीय टीम और न्यूजीलैंड पीठ में चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए है। ऐसे में उनकी जगह रजत पाटीदार को भारतीय टीम में पहली बार जगह मिली है। बता दें कि रजत पाटीदार का जन्म इंदौर में 1 जून 1993 को हुआ था। रजत दाएं हाथ के बल्लेबाज है, जो एक कारोबारी परिवार से वास्तव रखते हैं। 8 साल की उम्र में उन्हें उनके दादा ने क्रिकेट अकादमों में दाखिला दिलाया था।

शुरुआत में वह गेंदबाजी किया करते थे, लेकिन अंडर-15 क्रिकेट स्तर तक पहुंचने के बाद उन्होंने बल्लेबाजी पर ध्मयान दिया और देखते-ही-देखते वो एक शानदार बल्लेबाज बन गए। बता दें कि उन्होंने 2015-16 रणजी ट्रॉफी सीजन के साथ अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का आगाज किया।

जबकि 2017-18 के सत्र में उनके घरेलू टी20 करियर का आगाज हुआ। पहली बार उनका असल धमाल देखने को मिला 2018-19 रणजी ट्रॉफी सीजन में जहां उनके बल्ले से 8 मैचों में 713 रन निकले और मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम के लिए वो सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

**आईपीएल 2022 टीम की तरफ से 1 पारी में मचाया था धमाल**

बता दें कि आईपीएल 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रजत पाटीदार को खरीदा था। इसके बाद आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में उन्होंने तब सुर्खियां बटोरीं जब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 54 गेंदों में नाबाद 112 रनों की धुआंधार शतकीय पारी खेलकर सबको दंग कर दिया। आईपीएल में अब तक 12 मैच खेलते हुए उन्होंन 404 रन बनाए है, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 144.29 का रहा।

# क्या भारत में 34 साल के सूखे को खत्म कर पाएगा न्यूजीलैंड ?



नई दिल्ली, भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार से तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होगा। भारत-न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का पहला मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा संभालेंगे जबकि न्यूजीलैंड की कमान टॉम लैथम के हाथों में होगी। भारतीय टीम ने हाल ही में श्रीलंका का वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ वो अपनी विजयी लय को बरकरार रखना चाहेगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आखिरी वनडे सीरीज पिछले साल नवंबर में खेली गई थी। भारतीय टीम तब न्यूजीलैंड दौरे पर गई थी, जहां उसे तीन मैचों की सीरीज में 0-1 की शिकस्त सहनी पड़ी थी। सीरीज के दो मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे।

**34 साल का सूखा**

भारतीय टीम अपने घर में मजबूत मानी जाती है और उसे हराना बहुत मुश्किल है। यह बात न्यूजीलैंड की टीम अच्छी तरह जानती है, जो 34 साल से इंतजार कर रही है कि भारतीय सरजमीं पर वनडे सीरीज जीत सके।

इन 34 सालों में भारत में न्यूजीलैंड ने 6 वनडे सीरीज खेली है, लेकिन एक बार भी वो विजेता नहीं बन सकी। न्यूजीलैंड ने भारत में आखिरी वनडे सीरीज 2017-18 में खेली थी, जहां उसे 1-2 की शिकस्त सहनी पड़ी थी।

# वनडे सीरीज का आगाज आज



नई दिल्ली, वनडे सीरीज में दो शतकीय पारी खेलने के बाद अब स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की निगाहें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज पर बनी है। बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 18 जनवरी 2023 से होगा।

वैसे तो विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 26 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 5 शतक जड़े हैं, लेकिन आंकडों के अनुसार न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी के आगे कोहली का बल्ला ज्यादा नहीं टिक पाया है। हालांकि इस सीरीज में टिम साउदी खेलते हुए नजर नहीं आएंगे, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में ऐसा माना जा रहा है कि दो स्पिनर्स कोहली के लिए घातक साबित हो सकते हैं।

दरअसल, टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस वक्त काफी शानदार फॉर्म में चल रहे है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में किंग कोहली ने दो शतकीय पारी खेलकर हर जगह सुर्खियां बटोर ली है। उनकी इस फॉर्म को देखते हुए सभी को उम्मीदें है कि कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ भी अपना ये प्रदर्शन बरकरार रखते हुए नजर आएंगे। लेकिन ये कयास लगाया जा रहा है कि किंग कोहली को वनडे सीरीज में कीवी टीम के दो स्पिनर्स से खतरा हो सकता है। सबसे पहले नंबर पर है ईश सोढ़ी का नाम, जिन्होंने विराट कोहली को वनडे में कुल 3 बार आउट किया है।

बता दें कि सोढ़ी और कोहली का वनडे में आमना- सामना 6 बार ही हुआ है। ऐसे में माना जा रहा है कि सोढ़ी टिम साउदी की गैरमौजूदगी में कोहली के लिए काल साबित हो सकते हैं। इसके अलावा मिचेल सेंटर भी कोहली के लिए खतरा साबित हो सकते है। उन्होंने एक ही बार अब तक कोहली को आउट किया है। वहीं वनडे में उन्होंने अब तक 90 मैचों में कुल 88 विकेट चटकाए है।

# अपने घर में भारत का रिकॉर्ड रहा है बेमिसाल

नई दिल्ली, भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 18 जनवरी को खेला जाना है। ये मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा संभालेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कमान टॉम लेथम के हाथों में होगी। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं इस सीरीज से जुड़ी हर एक जानकारी विस्तार से। दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड (कठऊ५२ ठे 2023) के बीच वनडे क्रिकेट में कुल 113 बार आमना-सामना हो चुका है, जिसमें भारत ने 55 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 50 मैच न्यूजीलैंड टीम ने जीते हैं। वहीं, साथ मुकाबलों का नतीजा नहीं निकल सका है और एक मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ है। न्यूजीलैंड टीम 34 सालों से भारतीय सरजमीं में वनडे सीरीज जीतने में नाकाम रही है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार भारत में वनडे सीरीज साल 2017-18 में खेली थी, जहां उसे 12 की करारी हार का सामना करना पड़ा था।

पिच रिपोर्ट और मौसम का हाल?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला






वनडे मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, अगर बात करें पिच की तो बता दें कि बल्लेबाजों के लिए यह पिच काफी फायदेमंद रही है। इस पिच में कई हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले है। दूसरी ओर ये पिच स्पिनर्स के लिए भी कफी मददगार है। मौसम की बात करें, तो बता दें कि मैच के दौरान बारिश होने की संभावना 10 प्रतिशत है। बुधवार को तापमान 31 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं, जबकि मैच की लाइवस्ट्रीमिंग हॉटस्टार पर देखी जा सकती है। यदि आप इस मैच का आनंद बिना किसी सब्सक्रिप्शन के लेना चाहते हैं तो डीडी फ्री डिश के डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर इसका आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी खबरों के लिए आप दैनिक जागरण वेबसाइट पढ़ सकते हैं।

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, इशान किशन , विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मो. शमी, मो. सिराज, उमरान मलिक।

न्यूजीलैंडः टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, डग ब्रेसवेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर ।

## फिल्मी सफर

# पठान की एडवांस बुकिंग 20 जनवरी से होगी शुरू, फिल्म की खातिर गेटी थिएटर ने तोड़ा पुराना नियम



नई दिल्ली, बॉलीवुड के किंग यानी शाह रुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म पठान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। आखिकार एक्टर पांच साल बाद पर्दे पर वापसी जो कर रहे हैं। शाहरुख खान के फैंस इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।


अपने हीरो को सालों बाद पर्दे पर देखने के लिए फैंस इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी करवा रहे हैं। विदेशों में फिल्म पठान की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और भारत में 20 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं। 'पठान' भारत समेत दुनियाभर में 25 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम जैसे एक्टर्स भी नजर आने वाले हैं।

20 जनवरी से शुरू होगी पठान की एडवांस बुकिंग

फिल्म पठान की रिलीज से ठीक पांच दिन पहले यानी 20 जनवरी को एडवांस बुकिंग शुरू होने जा रही है। इस बात की जानकारी ट्रेड एक्सपर्ट और फ़्लिम क्रिटिक तरण आदर्श ने दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा- इंतजार खत्म... 'पठान' की 20 जनवरी से एडवांस बुकिंग.. 20 जनवरी 2023 से #पठान की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है-

एक तरह जहां फैंस एडवांस बुकिंग के लिए बेताब हो रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर मुंबई का सबसे बड़ा सिंगल स्क्रीन थिएटर गेटी 'पठान' के लिए अपना सालों पुराना नियम तोड़ने जा रहा है। गेटी थिएटर में 'पठान' का पहला शो सुबह 9 बजे शुरू हो।

# शादी की खबरों के बीच सामने आया राहुल के घर का वीडियो





नई दिल्ली, बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों क्रिकेटर केएल राहुल और बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी की शादी को लेकर रोजाना नया अपडेट सामने आ रहा है। हालांकि अभी तक इस कपल और शेट्टी परिवार की ओर से कोई पुष्टी नहीं की गई है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जो केएल राहुल की बिल्डिंग का है। इस बिल्डिंग पर लाइटों की सजावट भी नजर आ रही है।

शादी की खबरों के बीच राहुल के घर का वीडियो वायरल

ये कपल पिछले पिछले काफी साल से एक दूसरे को डेट कर रहा है और अब शादी के बंधन में बंधने को भी तैयार है। ऐसे में अब केएल राहुल के घर की कुछ झलकियां सामने आई हैं, जिनमें उनके घर की बिल्डिंग पर हो रही सजावट देखी जा रही है। इस वीडियो को फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही कैप्शन में लिखा- बांद्रा के पाली हिल स्थित अपने घर पर राहुल की शादी की तैयारी शुरू हो गई है। हालांकि सुरक्षा गार्ड ने कहा कि 13वीं मंजिल पर एक और शादी है।

# श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी की लेटेस्ट फोटो देख छूटे फैंस के पसीने, बोल्ड अदा में ढाया कहर

नई दिल्ली, जाह्नवी कपूर फिल्मों में जितनी सादगी भरे रोल करती हैं, सोशल मीडिया पर उतनी ही ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जाह्नवी कपूर इंडस्ट्री की टॉप मोस्ट ग्लैमरस एक्ट्रेस में से एक हैं।

वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आए दिन एक से बढ़कर एक पोज में दिलकश अदाओं के साथ फोटो शेयर करती हैं। कई फैंस उनके बोल्ड फैशन सेंस की भी तारीफ करते हैं। अपनी अदाओं और खूबसूरत चेहरे से लोगों के दिलों को घायल करने वाली जाह्नवी कपूर ने हाल ही में ट्रेडिशनल आउटफिट में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटो को देख फैंस बस उन्हें एक टक निहारने को मजबूर हैं।

**फैंस का भा गई जाह्नवी की अदा**

जाह्नवी कपूर की खूबसूरती तो हर ड्रेस में झलकती है। मगर इंडियन आउटफिट में उनका लेटेस्ट लुक हर किसी को अपना दीवाना बना रहा है। खासकर साउथ जोन के लोग उनकी ज्यादा तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, 'मिली' एक्ट्रेस ने गोल्डन साड़ी में कुछ फोटो शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जाह्नवी कभी ईयरिंग्स को पकड़ते हुए तो कभी पाउट या स्माइल करते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। इस फोटो को जाह्नवी ने तमिल भाषा में 'हैप्पी पोंगल' का कैप्शन दिया है।

# मैं कभी लीड और सपोर्टिंग रोल में अंतर नहीं करता' — जैकी श्रॉफ



नई दिल्ली, सीनियर एक्टर जैकी श्रॉफ अपनी एक्टिंग से हर किरदार में जान डाल देते हैं। लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल जैकी हर किरदार में खुद को बखूबी ढाल लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं जैकी बॉलीवुड के उन एक्टर्स में से एक हैं जिन्होंने कभी किसी रोल को करने से इनकार नहीं किया। दरअसल जैकी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में ये कहा कि उन्होंने कभी किसी रोल के लिए मना नहीं किया। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी ना नहीं कहा'। जैकी ने शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म देवदास उदाहरण देते हुए उनके रोल 'चुन्नीलाल' को बेहतरीन बताया।

220 फिल्मों में किया काम

जैकी ने अपने फिल्मी करियर में 13 भाषाओं में लगभग 220 फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड में लगभग एक दशक तक काम करने वाले जैकी ने हिंदी, तमिल, बंगाली, मराठी, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, पंजाबी, भोजपुरी, कोंकणी, उड़ीया, गुजराती और अंग्रेजी भाषाओं में फिल्में की हैं।

देवदास में चुन्नीलाल बन सभी के दिलों में बसे जैकी

संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास में जैकी श्रॉफ ने शाहरुख खान के दोस्त चुन्नीलाल का किरदार निभाया था। जब ये फिल्म रिलीज हुई तो लोगों के दिलों में चुन्नीलाल बस गया। जैकी ने लिमिटेड टाइम में इस रोल में जान डाल दी थी। जिसकी वजह से इस फिल्म में उनके रोल को आज भी याद किया जाता है।

'मिशन कश्मीर में मुझे 7 सीन मिले' – जैकी

हाल ही में जब जैकी से पूछा गया कि अब आप किस तरह के रोल करना पसंद करेंगे तब उनका जवाब था, 'मुझे नहीं पता, इंडस्ट्री मेरे साथ बहुत एक्सपेरिमेंट करती है क्योंकि शायद फिल्ममेकर जानते हैं कि मैं कभी किसी किरदार के लिए न नहीं कहता। मैं कभी लीड रोल और छोटे रोल में अंतर नहीं करता। उदाहरण के तौर पर देखें तो देवदास में लीड रोल शाहरुख का था पर मुझे चुन्नीलाल का रोल मिला जो बेहतरीन था। वहीं मिशन कश्मीर में संजय दत्त और रितिक रोशन दोनों हीरो थे और मैं एक बुरे आदमी का किरदार निभा रहा था जिसमें मेरे सिर्फ 7 सीन थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए मैं हमेशा एक्सपेरिमेंट करने के लिए तैयार रहता हूं। मुझे ये कभी परेशान नहीं करता कि मैं हीरो नहीं हूं। मैं ये सोचता हूं मैं किसी फिल्म का हिस्सा हूं ये ज्यादा जरूरी है। जैसे आप किसी कुर्सी पर बैठे हैं और उसका एक पैर काट दिया जाए तो कुर्सी गिर जाएगी, तो आप उसी तरह एक जरुरी हिस्सा हैं और जो वैल्यू आप बनाते हैं बस वही जरुरी होता है।'

'बाप' में आएंगे नजर

जैकी श्रॉफ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो एक्टर फिल्म बाप में नजर आने वाले हैं। उनके साथ इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, सनी देओल और संजय दत्त भी देखने को मिलेंगे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com